तापमान

अधिकतम 28.8 डिग्री

न्यूनतम 10.6 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




कोन्हेर गार्डन का आकर्षक फौव्वारा

## तीन बार पलटकर सीमेंट पोल से टकराई, 3 घायल

# तेज रफ्तार कार सड़क से नीचे उतरकर पलटी, 2 छात्रों की मौत



### तुर्काडीह चौक के आगे भीषण दुर्घटना

■ खाना खाने ढाबा जा रहे थे ब्रेजा सवार छात्र





मृतक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात भोजन करने सेंदरी ढाबा जा रहे छात्रों की कार ब्रेजा अचानक सामने आई कार को बचाने के फेर में अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गई, तेज रफ्तार कार सड़क के नीचे तीन बार पलट कर सीमेंट पोल टकराई, जिससे कार में सवार दो छात्रों की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य छात्र घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

कोनी टीआई भावेश शेंडे ने बताया कि सक्ती साल्हे डभरा निवासी इशु रत्नाकर पिता चिंतामणी रत्नाकर 26 साल व बेमेतरा नांदघाट जैतपुरी निवासी भास्कर राजपूति पिता मनोज कुमार राजपूत 22 साल सरकण्डा खमतराई तीन पुलिया के पास किराए के मकान में रह रहे थे। इशु रत्नाकर आईटीआई में पढ़ाई कर रहा था व भास्कर राजपूत प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। रविवार की रात दोनों छात्र अपने दोस्त छात्र श्याम सिंह राजपूत, दीशु रत्नाकर, अभिषेक बघेल के साथ ब्रेजा क्रमांक ओडी 15 एम, 4400 में खाना खाने के लिए सेंदरी ढाबा जा रहे थे। रात 12.30 बजे तुर्काडीह चौक के आगे अचानक सामने एक कार आ जाने से तेज रफ्तार में ब्रेजा में सवार छात्र ने कार को बचाने के लिए फेर में अपनी गाड़ी किनारे की तो वह सड़क के नीचे उतर गई और 300 मीटर अंदर घुसकर तीन बार पलटने के बाद सीमेंट के पोल से टकरा गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कार से छात्रों को बाहर निकाला गया। सिर में गंभीर चोट आने से कार में सामने बैठे छात्र इशु रत्नाकर, भास्कर राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं तीन अन्य छात्र घायल हो गए थे, उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सोमवार को मृत दोनों छात्रों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। परिजन दोनों छात्रों को शव अपने अपने गृहग्राम ले गए।

### दो बाइक में आमने सामने भिड़ंत, एक की मौत

कोनी टीआई श्री सेंडे ने बताया, रतनपुर परसदा निवासी नीरज कुमार सूर्यवंशी पिता रामस्नेही सूर्यवंशी 20 साल 7 दिसंबर को बाइक में सवार होकर शहर की ओर जा रहे थे। पौंसरा के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे में नीरज कुमार सूर्यवंशी गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

## खबर संक्षेप

### बीसीए सेमेस्टर परीक्षा टाइम टेबल संशोधित



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित बीसीए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा के टाईम टेबल में आंशिक संशोधन किया गया है। इसके अनुसार बीसीए प्रथम सेमेस्टर की इलिमेंट्री क्लेकुलस तथा एलजेब्रा की परीक्षा 1 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। बीसीए तृतीय सेमेस्टर की इलिमेंट्री क्लेकुलस मैथ्समेटिक और एलजेब्रा बीसीए तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 1 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

### कानन पेण्डारी जू में न्यू ईयर की तैयारी शुरु



**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू में नव वर्ष के आगमन से पहले ही तैयारियां शुरु कर दी गई है, जिसमें क्रिसमस यानि 25 दिसम्बर से सैलानियों की भीड़ बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस दौरान साल के अंतिम माह के पहले रविवार को 5 हजार से अधिक सैलानी भ्रमण के लिए पहुंचे थे, जिससे कानन जू के गेटमनी में अच्छी खासी कमाई हुई। कानन पेंडारी जूलॉजिकल पार्क में मौजूद बैटरी कार की आवश्यक मरम्मत कराकर उसे न्यू ईयर के लिए तैयार किया जा रहा है। बीते कुछ वर्षों से ज्यादा भीड़ इस बारे आने की उम्मीद प्रबंधन को है। रविवार को 5000 पर्यटकों की भीड़ ने उन्हें न्यू ईयर के लिए अच्छा संकेत दिया है।

### सिविल जज भर्ती की मुख्य परीक्षा 21 को

**बिलासपुर।** सिविल जज भर्ती के लिए मुख्य परीक्षा 21 दिसंबर को होगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से इसका शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके लिए कुल 661 अभ्यर्थियों को चिंहित किया गया है। ध्यान रहे कि इसके लिए 15 नवंबर तक फार्म भरे गए थे। इससे पहले प्रारंभिक परीक्षा 21 सितंबर को ली गई थी। इसमें 100 प्रश्न पूछे गए थे।

# स्टार्म वॉटर ड्रेन निर्माण में लापरवाही ठेकेदार का भुगतान रोका गया

■ बंधवापारा क्षेत्र में बिरकोना खार व बहतराई, बिजौर क्षेत्र से बारिश का पानी आता है

■ इसकी निकासी के लिए बड़ा नाला इतने सालों में नहीं बनाया जा सका, हर बार परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जल भराव क्षेत्र बंधवापारा में बरसाती पानी निकासी के लिए नगर निगम द्वारा बंधवापारा से अरपा नदी तक लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से 1400 मीटर स्टार्म वॉटर ड्रेन बनाया जा रहा है, जिसके तहत सड़क को पार कराने के लिए कल्वर्ट का काम शुरू किया गया है। इसमें लापरवाही बरतने पर ठेकेदार अभिषेक सिंह का 20 लाख रुपए का भुगतान रोक दिया गया है। दरअसल ड्रेन निर्माण से बंधवापारा में जल भराव की समस्या से निजात मिल जाने का दावा किया जा रहा है जो हर बारिश में उत्पन्न हो जाती है। ध्यान रहे कि हर साल क्षेत्र के 10 वार्डों में बारिश में जलभराव की समस्या होती है। हालांकि इसके काम में लगातार देरी हो रही है काम अधूरा है।

दरअसल बंधवापारा क्षेत्र में बिरकोना खार और बहतराई, बिजौर क्षेत्र से बारिश का पानी आता है, लेकिन इसकी निकासी के लिए बड़ा नाला इतने सालों में नहीं बनाया जा सका है। निगम ने लगातार परेशानी को देखते हुए 7 करोड़ का एस्टीमेट बनाते हुए एसईसीएल से राशि की मांग की थी। एसईसीएल ने 3.4 करोड़ रुपए का बजट आबंटित किया। इसके बाद ठेकेदार अभिषेक सिंह को वर्क आर्डर भी जारी किया गया। ध्यान रहे कि इस क्षेत्र में पिछले साल ही बंधवापारा में भगत सिंह स्कूल के पास नाला टूटने के कारण बारिश का पानी नहीं निकल सका था तो वहीं चौबे कालोनी व जगदंबा कालोनी के पास बनाई गई दीवार कालोनाइजरों द्वारा ढहा देने से घरों में पानी घुस गया। इससे सीपत रोड पर घुटने तक पानी बहने लगा। यही पानी आगे कपिल नगर होते हुए अरपा में जाता है जो हर साल परेशानी का सबब बनता है।



### बार-बार धंस रही है मिट्टी

अब निगम ने तय किया है कि इन क्षेत्रों के पानी को सीधे अरपा नदी तक छोड़ा जाएगा। इसके लिए बंधवापारा से अरपा नदी तक लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से 1400 मीटर स्टार्म वॉटर ड्रेन बनाया जा रहा है। इसमें एक कल्वर्ट भी बनाया जा रहा था। इसके बाद भी पानी निकासी सही नहीं होने पर निगम ने इसे लापरवाही माना है। निगम ने पाया कि नाला बनाने के बाद भी कोनी के पास मिट्टी धंस रही जिससे की पानी का बहाव प्रभावित हो रहा है।

### इन मोहल्लों को मिलेगी राहत

इस स्टार्म वॉटर ड्रेन बन जाने के बाद से बंधवापारा, जोरापारा, नूतन कालोनी, सरकंडा, विजयापुरम, देवनंदन नगर, जगदंबा कालोनी, चौबे कालोनी जैसे मोहल्लों में राहत मिलने की बात कही जा रही है। दरअसल सरकंडा और बंधवापारा क्षेत्र में कई स्लम और निचली बस्तियां हैं, जहां पर हर साल बारिश का पानी भर जाता है। पिछले और इस साल भी ऐसे हालात बने कि दर्जनों परिवारों को घर छोड़ना पड़ा। पानी ने ऐसा कहर ढाया कि की गलियां डूब गईं और घरों में घुटने तक पानी भर गया। दर्जनभर मकान ढह गए और प्रभावितों को पास के स्कूलों में पनाह लेनी पड़ी। पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण यह नौबत आई। हालत यह थी कि बंधवापारा की किसी भी गली को पार करने के लिए लोगों को साढ़े तीन फीट पानी से गुजरना पड़ा।

### की गई है कार्रवाई

बंधवापारा से अरपा नदी तक लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से 1400 मीटर स्टार्म वॉटर ड्रेन बनाया जा रहा है, जिसके तहत सड़क को पार कराने के लिए कल्वर्ट का काम शुरू किया गया है। ड्रेन निर्माण से बंधवापारा और सरकंडा क्षेत्र जल भराव की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी,जो हर बारिश में उत्पन्न हो जाती है। लापरवाही के मामले में ठेकेदार पर कार्रवाई की गई है।

\- **राजकुमार मिश्रा,** चीफ इंजीनियर

# फर्जी प्रवेश पत्र लेकर परीक्षा देने आईं छात्रा

## छात्रा सहित दो के खिलाफ जुर्म दर्ज, गिरफ्तारी के बाद जमानत पर रिहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फर्जी प्रवेश पत्र लेकर अमीन रिक्रूटमेंट की परीक्षा देने आई छात्रा पकड़ी गई। जांच के बाद पुलिस ने छात्रा सहित दो लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है, इन्हें गिरफ्तारी के बाद मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया है।

सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, सेंट जेवियर्स सेकेन्डरी स्कूल भरनी की प्रिंसिपल विभूति भूषण महाता ने रिपोर्ट लिखाई। 7 दिसंबर को अमीन रिक्रूटमेंट परीक्षा में उनके स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इसमें दो परीक्षार्थी उपस्थित हुए जिसमें एक का नाम कमलेश्वरी पिता खेलन सिंह एवं दूसरे का नाम अंजली राज पिता श्याम लाल था। उपस्थित पत्रक से जांच करने पर कमलेश्वरी पिता खेलन सिंह का नाम दर्ज पाया गया है, जिससे उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमित दी गई।

दूसरी अभ्यर्थी अंजली राज का नाम उपस्थित पत्रक में नहीं पाया गया। वह फर्जी प्रवेश पत्र बनवाकर व्यापमं की परीक्षा में शामिल होने आई थी। उसने कमलेश्वरी की जगह अपनी फोटो लगाकर फर्जी प्रवेश पत्र बनवाया था। डिप्टी कलेक्टर द्वारा दोनों छात्राओं को बयान लिया गया। जिसमें अंजली राज ने ग्राम कर्रानारा निवासी मोहन उइके के द्वारा प्रवेश पत्र निकालकर देने पर परीक्षा देने आने की बात कही। पुलिस ने प्रिंसिपल की रिपोर्ट पर छ.ग. सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों का निवारण अधिनियम 2008 की धारा 3 व बीएनएस की धारा 3, 5, 335, 336, 340 के तहत जुर्म दर्ज कर छात्रा अंजनी राज, मोहन उइके को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया है।

### पेंड्रा में शीतलहर, जिले में भी चल रही सर्द हवाएं

**बिलासपुर।** जिले में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास बना हुआ है और सर्द हवाएं सुबह से ही सिहरने को मजबूर कर रही है। इस दौरान पेंड्रा में न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री जा पहुंचा है। मौसम विभाग ने पेंड्रा-गौरेला और मरवाही के लिए शीतलहर की आशंका व्यक्त की है। अगले 24 घंटे में तापमान में कमी आ सकती है।

मौसम शुष्क बना हुआ है, उत्तर से आ रही सर्द हवाओं के तेवर तीखे हो रहे है, यही कारण है कि प्रदेश के उत्तरी हिस्से में तापमान में लगातार गिरावट जारी है। अंबिकापुर में तापमान 5.0 डिग्री पहुंचा है जो सामान्य तापमान से 5 डिग्री कम है। कई स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट देखी जा रही है।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।


## मजदूर के घर 14 लाख मिलने का मामला

# फरार महिला बनवा रही है नया मकान

**बिलासपुर।** मजदूरी करने वाले के घर से 14 लाख रुपए मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस को पता चला है कि फरार महिला अपना पुराना छप्परवाला मकान तोड़वाकर नया मकान बनवा रही है। बहरहाल महिला के मिलने के बाद 14 लाख रुपए कहां से आए, यह पता चल सकेगा।

ज्ञात हो कि 6 दिसंबर की शाम मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने दयालबंद मधुबन अटल आवास में किराए के मकान में रहकर मजदूरी करने वाले विजेन्द्र बैस के घर के 14 लाख रुपए बरामद किया था। पूछताछ करने पर वह नोटों से भरा थैला पत्नी के द्वारा लाना बता रहा है। उसकी पत्नी लोगों के घरों में साफ सफाई का काम करती है। नोटों के थैले सहित पति के पकड़े जाने पर उसकी पत्नी भाग खड़ी हुई है। उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। पुलिस तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से महिला के पतासाजी कर रही है। सोमवार को पुलिस ने महिला के पति को थाने में तलब कर फिर से पूछताछ की। काफी मशक्कत के बाद उसने बताया, उसकी पत्नी अटल आवास से 200 मीटर दूर अपना पुराने छप्परवाला मकान को तोड़वाकर नया मकान बनवा रही है। पिछले एक माह से पुराने घर में काम चल रहा है। पुराना घर टूटने पर वे अटल आवास में किराए के मकान में रह रहे थे।



रोजी मजदूरी करने वाले के घर मिले 14 लाख रुपए

मजदूर के घर में मिले 14 लाख का रहस्य बरकरार

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।


सुमीत बाजार में आज का स्पेशल ऑफर

MRP. ₹ ~~125~~ प्रति पीस वाला

एक्सपोर्ट क्वालिटी 5 स्टार होटल में यूज होने वाले

100% कॉटन सॉटन

प्लेन पिलो कव्हर

4 पीस ₹119



प्लेन 10 से अधिक रंगों में

दिखाये गए फोटो से प्रोडक्ट भिन्न हो सकते हैं ऑफर स्टॉक रहने तक

राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

## युवा उत्सव 15 और 16 को बहतराई में

**बिलासपुर।** जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 15 एवं 16 दिसम्बर को राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में किया जाएगा। इस उत्सव में विभिन्न विधाओं में 15 से 29 वर्ष तक एवं 18 से 40 वर्ष तक के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि दिया जाएगा। भारत सरकार द्वारा निर्धारित विधाओं जैसे कि लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, वाद-विवाद एवं कविता लेखन में चयनित प्रतिभागी या दल नई दिल्ली में 10 से 12 जनवरी को होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तरीय युवा उत्सव में लोकनृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य, लोकगीत, वाद विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, पारंपरिक वेशभूषा एवं रॉकबैंड जैसी विधाओं को शामिल किया गया है।

## निधन

### सुरजीत परमार

**बिलासपुर।** 27 खोली विकास नगर निवासी व्यवसायी सुरजीत सिंग परमार का 8 दिसंबर को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 9 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. कश्मीरा सिंग परमार के पुत्र एवं मुनीश परमार, आशा, सुमीरा के पिता थे।



### गायत्री नामदेव

**बिलासपुर।** बृहस्पति बाजार चांटापारा निवासी गायत्री नामदेव का 8 दिसंबर को निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 9 दिसंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. शंकर दयाल नामदेव की पत्नी, कीर्ति, हेमंत, अरुण नामदेव की माता थीं।



### कावेरी दुबे

**मस्तूरी।** ग्राम पंचायत पाराघाट निवासी श्रीमती कावेरी दुबे उम्र 84 वर्ष पति स्व. रामसनेही दुबे का 8 दिसंबर को स्वर्गवास हो गया। वे अशोक दुबे, अनिल दुबे, सुशील दुबे, शांता पाण्डेय, अन्नपूर्णा तिवारी की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार 9 दिसंबर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।



### कृष्ण कुमार वढेरा

**बिलासपुर।** राधा परिसर विवेकानंद नगर मोपका निवासी कृष्ण कुमार वढेरा (बंटी) का 8 दिसंबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे ब्रिज मोहन वढेरा के पुत्र, प्रतीक एवं प्रियंका दीवान के पिता एवं नितिन दीवान के ससुर थे।



राज्य सरकार ने स्वीकृत किए थे 34 पद, सिम्स ने मांगी 161 पदों की स्वीकृति

# कैंसर अस्पतालः उपकरण के लिए मिले 80 करोड़ डाक्टर और स्टाफ के 34 पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोनी में बन रहे राज्य कैंसर संस्थान के लिए जल्द ही भर्ती प्रक्रिया तेज की जाएगी। राज्य सरकार ने 90 फीसदी निर्माण पूर्ण होने के बाद अब उपकरण और स्टाफ की भर्ती के लिए प्लानिंग कर ली है। शुरूआती चरणों में 34 पदों पर भर्ती होगी, वहीं राज्य सरकार ने उपकरण खरीदी के लिए 80 करोड़ रूपए भी सिम्स के खाते में दे दिया है।

राज्य का पहला कैंसर अस्पताल पूर्णता की ओर है। शुक्रवार को सीजीएमएससी के चेयरमैन ने अप्रैल माह तक निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर सिम्स प्रबंधन द्वारा नवीन पदों की भर्ती प्रक्रिया तेज कर दी गई है। दरअसल राज्य सरकार ने साल 2020 में 20 पदों की स्वीकृति दी थी, इसके बाद 2021 में 14 पदों की स्वीकृति का आदेश जारी किया गया है। इस तरह पहले चरण में 34 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें सह प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक (सर्जिकल अंकोलॉजी)सहायक प्राध्यपक(मेडिकल फिजिस्ट), सीनियर रेसीडेंट, सीनियर एक्सीलेटर टेक्नीशियन, ब्रेकोथैरेपी टेक्नीशियन, सीटी टेक्नीशियन, वार्ड बॉय, नर्स की भर्ती होगी। खास बात यह है कि सिम्स प्रबंधन ने हाल ही में राज्य सरकार को 161 नवीन पदों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा है, अधिकारियों का दावा है कि इन पदों के लिए भी जल्द ही स्वीकृति मिल जाएगी, जिससें 2 से 4 माह का समय लग सकता है। इस दौरान तक अस्पताल में सिविल निर्माण कार्य भी खत्म हो जाएगी, ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि अगले साल जून तक कैंसर अस्पताल शुरू किया जा सकता है।



### 80 करोड़ की मशीनें होंगी इंस्टाल

बताया जा रहा है कि सीजीएमएससी द्वारा कैंसर अस्पताल में 80 करोड़ की लागत से मशीनों का इंस्टालेशन किया जाएगा। इसमें प्रथम चरण में 31.33 करोड़ रूपए की खरीदी की जाएगी, जिसकी प्रक्रिया अधिकारियों ने शुरू कर दी है। मार्च तक खरीदी कर ली जाएगी। वहीं द्वितीय चरण में 49 करोड़ की मशीनें खरीदी जाएगी। इसका प्रस्ताव तैयार कर भेजा जा रहा है।मानव संसाधनों की भर्ती के साथ ही मशीनों के इंस्टालेशन का काम भी शुरू होगा। जिससे जून तक कैंसर अस्पताल स्थापित किया जा सके।

### यह मिलेगी सुविधा

राज्य कैंसर अस्पताल में मरीजों के लिए 100 बिस्तर मुहय्या कराई जाएगी। इसके साथ ही 20 बेड का आईसीयू भी बनाया जाएगा। 10 बेड लिफोमा और लूकीमियां वार्ड के लिए आरक्षित होगी। ब्रेकिथेरेपी, कीमोथेरेपी और रेडिएशन की सुविधा भी मौजूद होगी। इसके साथ ही संस्थान में रेडियोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी जांच भी संभव हो सकेगा।

### इन विभागों में होगी भर्ती

सिम्स की ओर से रेडिएशन आंकोलॉजी, सर्जिकल आंकोलॉजी, हिमेटोआंकोलॉजी, निश्चेतना, मेडिकल फिजिक्स, रेडियोडायग्नोसिस विभाग में डाक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही आपरेशन थिएटर टेक्नीशियन, एनेस्थिसिया टेक्नीशियन, डाइटीशियन, फार्मासिस्ट,नर्सिंग सिस्टर, मेडिकल रिकार्ड, रजिस्ट्रार, प्रशासनिक अधिकारी, बायोमेडिकल इंजीनियर की भी भर्ती की जाएगी। सिम्स में 161 पदों के लिए प्रस्ताव भेजा है।

### 90 फीसदी काम पूरा

कैंसर अस्पताल के लिए 90 फीसदी काम हो चुका है, 10 फीसदी काम भी अप्रैल तक हो सकता है। अब उपकरण और भर्ती प्रक्रिया के लिए फाइलें उच्च कार्यालय को भेजी जा रही है। जल्द ही भर्ती भी शुरू होगी। फिलहाल उपकरण खरीदी के लिए सीजीएमएससी को फंड दिया जा रहा है।

-**चंद्रहास ध्रुव**, नोडल अधिकारी, कैंसर अस्पताल

### जल्द शुरू होगा अस्पताल

निर्माण कार्य पूरा होने में अभी 3 से 5 माह का समय लग सकता है। इस दौरान हम उपकरण के लिए टेंडर बुला रहे हैं। राज्य कैंसर अस्पताल में विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ मरीजों का इलाज संभव हो सकेगा। प्रदेश का पहला कैंसर अस्पताल जल्द ही शुरू किया जाएगा।

-**डॉ रमणेश मूर्ति**, डीन, सिम्स

# नया आधार कार्ड बनाने काम नहीं करेगा पैन कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने आधार बनवाने के लिए जरूरी दस्तावेजों में बड़ा बदलाव किया है। अब नया आधार बनवाने या किसी तरह के सत्यापन के लिए पैन कार्ड मान्य नहीं होगा। इसके लिए पैन को पहचान दस्तावेजों की सूची से हटा दिया गया है। पहले बैंक पासबुक के साथ बैंक का सर्टिफिकेट पहचान के रूप में मान्य था लेकिन यूआईडीएआई ने इसे भी अपडेट कर दिया है। अब आवासीय पते का प्रमाण देने के लिए और जन्म प्रमाणपत्र आधार का सबसे प्रमुख दस्तावेज होगा। यूआईडीएआई की नई व्यवस्था के अनुसार 18 साल से कम उम्र के बच्चों का आधार केवल जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर ही बनाया जाएगा।

- **18 साल से कम उम्र के बच्चों का आधार केवल जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर ही बनाया जाएगा**

अधिकारियों के मुताबिक यूआईडीएआई ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि बैंक पासबुक अब पहचान के प्रमाण के रूप में इस्तेमाल नहीं होगा। हालांकि यह आवासीय पता साबित करने के लिए मान्य दस्तावेज रहेगा। इसके लिए अलग से कोई अतिरिक्त पहचान पत्र देने की जरूरत नहीं होगी। स्कूल द्वारा जारी पहचान पत्र, सरकारी प्रमाण पत्र और जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर नया आधार आसानी से बन जाएगा।

### अब पुराना आईडी देने की जरूरत नहीं

अब आधार अपडेट कराना भी आसान होगा। पहले अपडेट के लिए पुराने आधार के साथ पहचान पत्र देना अनिवार्य था, लेकिन नई व्यवस्था में इसकी बाध्यता समाप्त कर दी गयी है। अब केवल बायोमेट्रिक और जनसांख्यिकीय विवरण के आधार पर ही अपडेट की प्रक्रिया पूरी होगी। नियमों में संशोधन के अनुसार नया आधार बनवाने के लिए सबसे अनिवार्य दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र होगा। वहीं, 18 वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों के लिए पहचान और पते से जुड़े दस्तावेजों की सूची में भी संशोधन किया गया है। यूआईडीएआई का मानना है कि इससे आधार बनवाने की प्रक्रिया पारदर्शी होगी और दस्तावेज फर्जीवाड़ा पर रोक लगेगी।

## न्यायिक व्यवस्था में प्रौद्योगिकी की भूमिका महत्वपूर्ण

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की कंप्यूटरीकरण समिति तथा छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा सोमवार को व्यवहार न्यायाधीश जूनियर डिवीजन बैच-2024 को लैपटॉप वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने की।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तीव्र डिजिटल परिवर्तन के दौर में प्रत्येक न्यायिक अधिकारी के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों, ई-संसाधनों एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभावी उपयोग में दक्ष होना अत्यावश्यक है। उन्होंने कहा कि आज की न्यायिक व्यवस्था में प्रौद्योगिकी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। डिजिटल केस प्रबंधन, वर्चुअल सुनवाई, ऑनलाइन शोध मंच तथा कागजरहित न्यायालय जैसी प्रणालियाँ अब मुख्यधारा का हिस्सा बन चुकी हैं। न्यायिक सेवा के प्रारंभ में ही प्रशिक्षु न्यायाधीशों को लैपटॉप उपलब्ध कराना न्यायपालिका की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वे न्यायिक अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी तथा जन-अनुकूल न्याय वितरण हेतु आवश्यक संसाधनों से सुसज्जित करना चाहती है। न्यायधीशों को लैपटॉप का वितरण एक सार्थक पहल के रूप में न्यायिक दक्षता में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। डिजिटल परिवर्तन के इस युग में यह पहल न्यायिक अधिकारियों के लिए आधुनिक तकनीकी उपकरणों, ई-संसाधनों और डिजिटल प्लेटफॉर्म में प्रवीण होने की अनिवार्यता को रेखांकित करती है, जिससे उनका दैनिक न्यायिक कार्य अधिक प्रभावी बन सके।

- **व्यवहार न्यायाधीश जूनियर डिवीजन बैच-2024 को लैपटॉप वितरण**

## फेडरेशन की तीन दिवसीय काम बंद, कलम बंद हड़ताल 29 से

**बिलासपुर।** मोदी की गारंटी लागू करो की मांग को लेकर 11 सूत्रीय संबंधी तीन दिवसीय हड़ताल 29, 30 एवं 31 दिसंबर को काम बंद कलम बंद के संबंध में प्रांतीय निकाय के आह्वान पर आंदोलन को सफल बनाने आज जिला शाखा फेडरेशन की बैठक आयोजित की गई।

- **आंदोलन को सफल बनाने जिला शाखा की हुई बैठक**

फेडरेशन के जिला संयोजक डॉक्टर बीपी सोनी एवं महासचिव किशोर शर्मा ने बताया कि बैठक में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी जीआर चंद्रा, रोहित तिवारी, राजेंद्र दवे आदि ने पूरी एकजुटता के साथ हड़ताल में सभी संगठनों की पदाधिकारी एवं कर्मचारियों /अधिकारियों को शामिल होने का आह्वान किया। हड़ताल को बेहतरीन प्रदर्शन करने फेडरेशन के प्रांतीय पदाधिकारी के द्वारा प्रदेश के सभी संभाग में बैठक ली जा रही है। 18 दिसंबर को बिलासपुर में होने वाले संभाग स्तरीय बैठक प्रार्थना सभा भवन में लेने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही शीघ्रता के साथ कर्मचारियों अधिकारियों के आंदोलन में शामिल होने व्यापक जनसंपर्क अभियान शासकीय कार्यालय एवं विद्यालयों में करने सहमति दी गई। बैठक में जी आर चंद्रा, रोहित तिवारी, डॉक्टर बी पी सोनी, किशोर शर्मा, राजेंद्र दवे, हिमाचल साहू, सूर्य प्रकाश कश्यप, रमेश द्विवेदी, लक्ष्मी चंद श्याम, राजेश्वर वस्त्रकार, जगदीश चंदेल, अशोक ब्रह्म भट्ट, राघवेंद्र शुक्ला, डॉक्टर चंद्रशेखर यादव, जी एस ध्रुव आदि शामिल थे।



## चौकसे कॉलेज की वैष्णवी, अंशिका व अंजलि को मिली उपाधि

**बिलासपुर।** एयू में आयोजित छठवें दीक्षांत समारोह में चौकसे कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स के 2024 के विभिन्न संकायों के मेधावी एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उपाधि एवं सम्मान प्रदान कर गौरवान्वित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि थे। प्रमुख अतिथियों में राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं , उप-मुख्यमंत्री अरुण साव, शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, एयू के कुलपति प्रो. ए डी एन बाजपेई आदि मौजूद थे। समारोह में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान की गईं। इसमें बीएससी संकाय की छात्रा वैष्णवी केवट ने 78.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर विवि की मेरिट सूची में 9वां स्थान प्राप्त किया। वहीं बीकॉम की छात्रा अंशिका पाण्डेय ने 78 प्रतिशत अंकों के साथ 10वां स्थान तथा बीए संकाय की छात्रा अंजलि ने 76.33 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया। इन सभी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में मेडल देकर सम्मानित किया गया। चौकसे कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह में हमारे मेधावी विद्यार्थियों का सम्मानित होना गर्व का विषय है। मैं सभी प्रवीण्य सूची धारक विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मंतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करना हमारे विद्यार्थियों की लगन, परिश्रम और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण है। कॉलेज के रजिस्ट्रार आशुतोष पांडे ने कहा कि यह उपलब्धि उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों का भी प्रमाण है।





एजुकेशन प्लस

## कर्नल्स एकेडमी में मना दादा-दादी दिवस




बिलासपुर। कर्नल्स एकेडमी ऑफ रेडिएंट एजुकेशन ने आज स्कूल परिसर में दादा-दादी दिवस श्रद्धा के साथ मनाया। यह कार्यक्रम किंडरगार्टन के छात्रों के दादा-दादी के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें उनके अटूट प्रेम, ज्ञान और आशीर्वाद को स्वीकार किया गया।

इस अवसर पर सभी दादा-दादी को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया, जो युवा मन को आकार देने में उनकी अपूर्णीय भूमिका का प्रतीक है। समारोह की शोभा बढ़ाते हुए मुख्य अतिथियों में सेवानिवृत्त विंग कमांडर एके दुबे, सेवानिवृत्त पुलिस उपनिरीक्षक डीडी सिंह और समाजसेवी डॉ. गोपाल मुखर्जी शामिल थे। उन्होंने छात्रों और उनके परिवारों, दोनों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. गीता त्रिपाठी, प्रबंध निदेशक कैप्टन आरके त्रिपाठी, सचिव आशीष राज त्रिपाठी, प्रधानाचार्य संजय कुमार साहू और उप-प्रधानाचार्या आराधना सिंह ने संबोधित किया। किंडरगार्टन के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। दादा-दादी और बच्चों के बीच मनोरंजक गतिविधियों और संवादात्मक पलों ने इस अवसर को और भी आकर्षक बना दिया। विशेष आकर्षण पॉपेट शो था। अतिथियों ने अंतर-पीढ़ी के बंधन को बढ़ावा देने के लिए स्कूल के समर्पण की सराहना की।

## होली क्रास में मना वार्षिकोत्सव



**बिलासपुर।** होली क्रास सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाल खदान में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ सिस्टर क्लेरिटा डिमेलो, मैनेजर सिस्टर लूसी, सिस्टर अजेया, सिस्टर नीलिमा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्राचार्य ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें समूह नृत्य, नाटक, स्वागत गीत, एकल नृत्य, देशभक्ति प्रस्तुति और कला प्रदर्शन विशेष आकर्षण रहे। रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे विद्यालय प्रांगण में उत्साह का माहौल बना रहा। इस दौरान शैक्षणिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेलवे के मुव्वर खुर्शीद, गेस्ट आफ आनर सीवी रमन विवि के रजिस्ट्रार अरविंद तिवारी, विशिष्ट अतिथि सिस्टर डाइना चिटौर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रोहन शाह थे।

## केपीएस के दो दिवसीय इवाल्व अंतरस्कूल स्पर्धा में शामिल हुईं मेयर

**बिलासपुर। कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी में दो** दिवसीय इवाल्व अंतरस्कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें 15 स्कूलों के 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें कृष्णा पब्लिक स्कूल, डीपीएस, केन्द्रीय विद्यालय, सेंट फ्रांसिस, डीएवी पब्लिक स्कूल, ब्रिलियट पब्लिक स्कूल, ड्रीमलैण्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

नोडल अधिकारी अर्चना शर्मा, स्कूल के डायरेक्टर वेदांश त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया । प्राचार्या रुनकी अम्बष्ट द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया । सुनील पाण्डेय, रोमी लूथरा ने बच्चों को व्यापार की नई-नई तकनीक की जानकारी दी। इवाल्व में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रमों से समाज को नई दिशा देने के लिए आयोजित किया गया जिसमें नुक्कड़ नाटक, निबंध लेखन, प्रश्न मंच, वाद-विवाद, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, टेड-टॉक, चित्रकारी, ट्रेजर हंट, फैशन शो, हेकेथॉन आदि कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पढ़ाई से हटकर विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को उभारने का प्रयास किया गया । दूसरे दिन स्कूल के चेयरमैन एमएम त्रिपाठी ने कहा कि ये बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिससे बच्चे प्रेरित होकर अपनी नई दिशा तय कर सकते हैं। समापन समारोह में महापौर पूजा विधानी ने फैशन शो प्रतियोगिता में बच्चों के साथ अपनी प्रस्तुति दी। स्कूल के हेड-ब्वाय अनिरुद्ध कुमार गौड़ एवं हेड गर्ल मानसी सिंह सहित कक्षा बारहवीं के आठ छात्रों व विद्यार्थी परिषद द्वारा कार्यक्रम में अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम को प्रशासनिक डायरेक्टर स्वर्गीय आलोक त्रिपाठी को समर्पित किया गया। प्राचार्या रुनकी अम्बष्ट एवं उपप्राचार्य रमन मिश्रा का मार्गदर्शन रहा। इसमें अजय पाण्डेय, चंद्रेश घृत का योगदान सराहनीय रहा।




।। धल्ले आवे नानका, सद्दे उठि जाए ।।

अंतिम अरदास



स्व. प्रकाश कौर होरा

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि श्रीमती प्रकाश कौर होरा जी का स्वर्गवास दिनांक 3 दिसंबर 2025 दिन बुधवार को हो गया है उनकी आत्मिक शांति हेतु श्री अखण्ड पाठ साहेब जी की समाप्ति एवं अंतिम अरदास दिनांक 9 दिसंबर 2025 दिन मंगलवार को दोपहर

12 बजे से 1:30 बजे तक कीर्तन एवं अंतिम अरदास
श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा श्याम नगर रायपुर में होगी।
(गुरू का लंगर 1:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)

शोकाकुल परिवार

स. दिलेर सिंह होरा, स. गुरूचरण सिंह होरा, स. प्रीतपाल सिंह होरा (पुत्र),
स. तरणजीत सिंह होरा, स. कमलजीत सिंह होरा, स. सरबजीत सिंह होरा (पौत्र)
स. मंजीत सिंह अरोरा, सं. रंजीत सिंह अरोरा (दोतरा) स. राजा शक्तिराज सिंह सचदेव, रायपुर
स. सतकिरत सिंह भसीन,कानपुर, स. हरमीत सिंह छाबड़ा, बिलासपुर, स. प्रतीक सिंह बग्गा, हैदराबाद
स. परमजीत सिंह उपवेजा, बिलासपुर (दामाद) एवं समस्त होरा परिवार ।

फर्म

1. ग्रैंड न्यूज, ग्रैंड विजन, ग्रैंड ब्रॉड बेंड, पगारिया कॉम्प्लेक्स,
2. ग्रैड ग्रुप्स ऑफ होटल्स, व्ही आई पी रोड, रायपुर
3. सिमरन ग्रुप्स ऑफ मोटल्स स्टेशन रोड, रायपुर 4. सिमरन कंस्ट्रक्शन,
5. एम.एस.एम. एण्ड एस. एन. डी.बी. इस्पात–पॉवर प्राइवेट लिमिटेड,
6. होटल सिमरन इंटरनेशनल, 7. होटल सिमरन प्राइड 8. होटल सिमरन रिजेंसी
9. होटल सिमरन इन 10. सिमरन ग्रुप्स ऑफ होटल्स, पंडरी, रायपुर11. प्रकाश बिल्डकॉन, रायपुर

मो : 9425203464, 9630311111, 9301145000

बिलासपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

आयोजन

## दो सत्रों में छंदशाला का वन भोज एवं काव्य गोष्ठी



**बिलासपुर।** साहित्यिक संस्था छंदशाला का कानन पेंडारी में पारिवारिक मिलन व वनभोज का कार्यक्रम हर्षोल्ल्लास से सम्पन्न हुआ। इसमें छंदशाला के रचनाकारों सहित उनके परिवार के लोग भी शामिल हुए जिससे यह भ्रमण कार्यक्रम आत्मीय मिलन का कार्यक्रम बन गया। कार्यक्रम दो सत्रों में विभाजित था। प्रथम सत्र में कानन भ्रमण पश्चात मनोरंजक संगीतमय खेल,मेमोरी गेम और गीत संगीत नृत्य मिमिक्री का कार्यक्रम रखा गया जिसमें विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी दिये गये । जिसमें ललिता यादव, बुधराम यादव,विजय पाठक, सुषमा पाठक विजयी रहे। वनभोज पश्चात द्वितीय सत्र काव्य गोष्ठी का हुआ। जिसमें छंदशाला की संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, मार्गदर्शक ओमप्रकाश भट्ट, अवधेश भारत,गजानंद पात्रे, देवेंद्र शर्मा पुष्प,एस कपूर,सत्येन्द्र तिवारी, मनीषा भट्ट , प्रवेश भट्ट, बुधराम यादव, सुषमा पाठक, ललिता यादव, सत्येन्द्र तिवारी ने छंदबद्ध रचनाओं का पाठ कर वाह वाही बटोरी। काव्यगोष्ठी के निर्णायक मंडल के रुप में वरिष्ठ कवि सत्येंद्र तिवारी और कवयित्री ललिता यादव रहीं। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ सुनीता मिश्रा ने इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस यात्रा से 'छंदशाला' की उपलब्धियों में एक और अध्याय जुड़ गया। आपको बता दें कि वैश्विक आपदा काल में छंदबध्द रचनाओं को सीखने के उपक्रम से शुरू हुई यह शाला छंदबध्द रचनाओं के प्रकाशन और आत्मीय पारिवारिक मिलन तक जा पहूंची है, इस आयोजन का यह पांचवां बरस था। आयोजन के सूत्रधार छंदशाला की संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता,सचिव सुषमा पाठक, ललिता यादव, मार्गदर्शक बुधराम यादव,ओमप्रकाश भट्ट रहे । कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ सुनीता मिश्रा ने और आभार प्रदर्शन शैलेंद्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में छंदशाला के साहित्यकारों के साथ उनका परिवार उपस्थित रहा जिसमें विजय पाठक, प्रकृति भट्ट, निवृत्ति भट्ट एवं श्री की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम

## महिलाओं ने लिया 1 मिनट गेम, हाउजी का आनंद



**बिलासपुर।** महिला कल्याण समाज ने एक होटल में किटी पार्टी आयोजित की। इसकी ईशा दिघ्रस्कर और आभा पांडेय होस्ट रहीं। पंक्चुअल्टी का इनाम शेफाली घोष और प्रभा तिवारी को मिला। सभी महिलाओं ने 1 मिनट गेम व हाउजी का आनंद लिया। इस गेम में सभी सदस्यों को कुछ न कुछ इनाम दिया गया। अंत में चटपटे व्यंजनों का लुत्फ उठाया गया। समिति की सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

सम्मेलन

## ब्राह्मण समाज व्यापार करे ताकि मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो





**बिलासपुर।** ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा समस्त ब्राह्मण युवक युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन एवं परिवार मिलन समारोह का आयोजन सिद्धि मुस्कान भवन अशोक नगर सरकंडा में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला, समाजसेवी प्रवीण झा, एस डी बड़गैया उपस्थिति थे। इस कार्यक्रम के अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा की ब्राह्मण समाज व्यापार करना भी शुरू करे ताकि मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके ब्राह्मण समाज के लोग केवल सरकारी नौकरी के पीछे ना भागे बल्कि आत्म निर्भर बने और परिवार की जिम्मेदारी उठाएं। बेलतरा विधायक ने कहा कि ब्राह्मण युवा आयाम का कार्य अत्यंत सराहनीय है। प्रवीण झा ने कहा की ब्राह्मण युवा अलबम द्वारा पुण्य का कार्य कियक जा रहा है ब्राह्मण समाज के लोग स्वयं का व्ययसाय सुरु कर नौकरी देने वाले बने ना की नौकरी मांगने वाले। एस डी बड़गैया जी ने कहा कि आने वाले समय मे ब्राह्मण समाज के उद्धमियो का सम्मेलन किया जाएगा जिसमे समाज के पढ़े लिखे युवाओं को आगे आने प्रेरित किया जाएगा ब्राह्मण युवा आयाम सदैव ब्राह्मण हित का कार्य करते आरहा है जो सराहनीय है। संस्थापक एवं अध्यक्ष ज्योतिन्द्र उपाध्याय ने बताया कि ब्राह्मण युवा आयाम द्वारा युवक-युवती वैवाहिक परिचय महासम्मेलन का इस बार आठवाँ वर्ष था इस वर्ष 52 जोड़ो में सहमति बनी और 400 से ज्यादा पंजीयन प्राप्त हुआ हमारे द्वारा प्रदेश स्तरीय आयोजन किया जाता है, लेकिन छत्तीसगढ़ के अलावा 12 से 15 राज्य और विदेशों से भी पंजीयन आये जिससे हमारा कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर का हो गया हमे गर्व है। इस पुरे कार्यक्रम में ब्राह्मण युवा आयाम के पं रविन्द्र उपाध्याय, ज्योतिन्द्र उपाध्याय, डॉ प्रदीप शुक्ला, शिवा मिश्रा, संजय शर्मा, डॉ अवनीश त्रिपाठी, श्यामलाल दुबे, राकेश तिवारी, गौरव तिवारी, प्रवीण मिश्रा, अरविंद दीक्षित, रितेश उपाध्याय, अशोक तिवारी, अंचल दुबे, विष्णु प्रसाद शुक्ला, अभिजीत पाण्डेय, रतिन्द्र उपाध्याय, दीपक तिवारी, डॉ क्रांति शास्त्री, कमलेश दुबे, पीयूष गौरहा, सौरभ तिवारी, आयुष दुबे, हरिशंकर तिवारी कार्यकर्तागण भारी संख्या में उपस्थित थे।

# संकष्टी चतुर्थी पर विघ्न विनाशक की पूजा, अभिषेक

**रेल्वे, तिलकनगर गणेश मंदिर में हुआ आयोजन**

संकष्टी चतुर्थी पर सोमवार को शहर के गणेश मंदिर रेल्वे एवं राम मंदिर तिलकनगर में भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा कर अभिषेक किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हिन्दू धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूजनीय देवता माना गया है। किसी भी मंगल कार्य की शुरुआत गणेश पूजा के बिना अधूरी मानी जाती है। भगवान गणेश की कृपा पाने के लिए संकष्टी चतुर्थी को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है।

पंचांग के अनुसार हर महीने दो बार चतुर्थी तिथि आती है। पूर्णिमा के चौथे दिन पड़ने वाली चतुर्थी को संकष्टी चतुर्थी कहा जाता है, जबकि अमावस्या के बाद आने वाली चतुर्थी विनायक चतुर्थी कहलाती है। इस दिन व्रत करने से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं और घर में शांति बनी रहती है। इसी महत्ता के चलते प्रत्येक संकष्टी चतुर्थी पर शहर के गणेश मंदिरों में विशेष पूजा की जाती है। गणेश मंदिर रेल्वे में संकट चतुर्थी पर सुबह 6 से साढ़े 7 बजे तक गणपति हवन, साढ़े 7 बजे से 9 बजे तक अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना, आरती की गई। 9 से साढ़े 10 बजे तक श्रद्धालु भक्तों ने दर्शन किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।





### 652 भक्तों ने कराया अभिषेक

संकष्टी चतुर्थी पर तिलकनगर राम मंदिर में 652 भक्तों ने अभिषेक कराया। आज का श्रृंगार सुनील मुखर्जी ने कराया। आगामी संकष्टी चतुर्थी अभिषेक 6 जनवरी मंगलवार को होगा। अभिषेक, पूजन को आचार्य मधुसुदन अड्वे, श्री उदयवारे, मनोज दिघ्रस्कर, योगेश दिघ्रस्कर, वेंकटेश पाटिल ने संपन्न कराया। प्रसाद में सभी भक्तों के लिए चने की व्यवस्था की गई थी। जिन भक्तों ने अभिषेक हेतु रसीद कटवाए थे, उनके लिए प्रसाद व्यवस्था पूर्ववत रही। आगामी वर्ष में अभिषेक हेतु वार्षिक दक्षिणा 1500 एवं मासिक दक्षिणा 130 रूपए निर्धारित किया गया है।





### महालक्ष्मी अनुष्ठान 24 को

श्रीराम मंदिर समिति एवं विश्व सनातन धर्म महासभा वैदिक सेना के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार 24 दिसंबर को सामूहिक मां ललिता सहस्त्रनाम साधना एवं महालक्ष्मी अनुष्ठान, सहस्त्र अर्चन का दिव्य आयोजन स्वामी ब्रम्हानंद गिरी महाराज, आदिगुरु शंकराचार्य भगवान, मां त्रिपुर सुंदरी के सानिध्य में किया जा रहा है। रसीद प्राप्त करने गोपीचंद साहू, संजीव बाटवे, डॉ. विवेक अम्बलकर, मधुसूदन अडवे, विजय दिघ्रस्कर, पं गौरव पांडेय से संपर्क कर सकते हैं।

## बच्चों ने दी शास्त्रीय, रवींद्र नृत्य की प्रस्तुति



कला मंजरी कथक संस्थान का बाल दिवस नवल रंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्री कला मंजरी कथक संस्थान द्वारा देवकीनंदन दीक्षित सभागार में बाल दिवस नवल रंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अवधारणा में बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य सहित लोक नृत्य सम नृत्य, रविंद्र नृत्य पेश किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में केवल सांस्कृतिक चेतना का विकास करना ही नहीं बल्कि उन्हें संगीत और नृत्य से जुड़ी अन्य विधाओं की जानकारी देना रहा। नवल रंग की विशेष प्रस्तुतियों में तिरुपति बालाजी की षोडशोपचार पूजन विधि एवं नवरात्रि पूजा की झांकी प्रमुख रही। साथ ही बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम, राष्ट्रगीत के 150 वें वर्ष की पूर्णता पर वंदे मातरम की भक्तिमय प्रस्तुति भी दी गई। नवोदित कलाकारों की अभिनव प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी। श्रीकला मंजरी कथक संस्थान में संगीत की शैक्षणिक परीक्षा में केजी से लेकर अष्टम वर्ष तक के विद्यार्थियों के मध्य प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कृष्ण, कविता रंगमंच, पूजा, कृष्ण नृत्य, वंदे मातरम तराना, ओड़िया गीत, वेस्टर्न डांस आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ सुप्रिया भारतीय, अरपा रेडियो से संध्या टंडन, वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित एवं छत्तीसगढ़ ब्राह्मण महिला समाज की अध्यक्ष जयश्री शुक्ला उपस्थित रहे।

### नृत्य, संगीत उबरता है अवसाद से

कार्यक्रम श्री कला मंजरी कथक संस्थान के संस्थापक एवं पं. बिरजू महाराज के शिष्य रितेश शर्मा ने बाल दिवस नवल रंग आयोजन के संबंध में बताया कि नृत्य, संगीत वर्तमान में बच्चों में आ रहे कुंठा, अवसाद से उबारने का एक प्रमुख साधन है। केवल शास्त्रीय नृत्य ही नहीं बल्कि उससे जुड़े हुए अन्य सभी प्रकार के नृत्य और संगीत समाज हित में है।

### इन्हें मिला सम्मान

कार्यक्रम में मातृ गौरव सम्मान डॉ एकता अग्रवाल, बाल गौरव सम्मान रायपुर की नन्ही कथक कलाकार कु. देवांशी विश्वास, बाल विप्र सम्मान कु. अभिज्ञा तिवारी, बाल गौरव सम्मान कु. दिव्या निराला को दिया गया। बिलासपुर के बाल वैज्ञानिक पुनीत ढोबले को बाल निधि सम्मान से सम्मानित किया गया।



## गायत्री परिवार का नशा मुक्ति अभियान सराहनीय

राजकिशोर नगर में चल रहे चार दिवसीय शौर्य-समृद्धि 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सोमवार को संपन्न हुआ। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शांतिकुंज हरिद्वार की टोलियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान की प्रशंसा की। टोली नायक ने तिलक कर गायत्री मंत्र चादर एवं हमारा युग निर्माण सत्संकल्प भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अंतिम दिवस सोमवार को यज्ञ, संस्कार एवं उद्बोधन कार्यक्रम का समापन करते हुए टोली नायक प्रमोद बागचे ने कहा कि संसार के समस्त दुखों का कारण अज्ञानता व आसक्ति है। जिससे मुक्त होने का प्रयास सदगुरू के शरण में जाकर दीक्षित होकर हम सभी को अवश्य करना चाहिए। जीवन में गुरु ऐसा होना चाहिए, जो ज्ञानी, दानी और तपस्वी हो। हम सभी युगदृष्टा, तपोनिष्ठ, युग ऋषि पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य से जो दीक्षित हैं और जो दीक्षा ले रहे हैं, वे सभी सौभाग्यशाली हैं। परम पूज्य गुरुदेव की सभी भविष्यवाणियां सही हुई है। जिसमें इक्कीसवीं सदी के लिए भविष्यवाणी है कि भविष्य में एक नियम, कानून, शासन, धर्म और अर्थव्यवस्था होगी, जो सभी के लिए कल्याणकारी होगा। संगीता सिंह एवं श्रीकांत शर्मा कार्यक्रम संयोजक ने आभार व्यक्त किया। आगामी 18 से 21 दिसंबर तक 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ ग्राम कर्रा रतनपुर में आयोजित है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी द्वारिका प्रसाद पटेल ने दी।

समापन पर कलेक्टर ने लिया गायत्री महायज्ञ में हिस्सा





### इनका रहा सहयोग

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित इस चार दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ लिंगियाडीह, सरकंडा, चांटीडीह, रेलवे क्षेत्र के सभी ट्रस्टियों, जिला व ब्लॉक समन्वय समितियों, मण्डलों तथा सभी सक्रिय सदस्यों का सहयोग रहा।

स्पोर्ट्स न्यूज

## अग्रवाल प्रीमियर लीग क्रिकेट 25 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अग्रोहा मित्र मंडल के द्वारा 25 दिसंबर से अग्रवाल प्रीमियर लीग एपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 25 से 28 दिसंबर तक चलने वाले इस क्रिकेट प्रतियोगिता में अग्रवाल समाज की 8 टीम भाग लेंगी।

अग्रवाल प्रीमियर लीग के लिए पारदर्शिता के साथ लॉटरी निकालकर एक निजी होटल में टीमों का चयन, ट्रॉफी अनावरण एवं जर्सी लॉन्च किया गया, जिसमें अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिवकुमार अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल, सीए आनंद अग्रवाल एवं अग्रोहा मित्र मंडल के सदस्य-अनिल अग्रवाल, नितिन बेरीवाल, अमेश बुधिया, अंकुर अग्रवाल, कपिल जाजोदिया,सीए अंशुमन जाजोदिया, यशवंत सराफ, सीए मयंक अग्रवाल, विपिन जाजोदिया, विनीत मित्तल, चंदन अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, प्रत्यूष गर्ग, अभिनय अग्रवाल, डॉ आयुष अग्रवाल, वैभव जाजोदिया, आशीष जैन एवं अग्रवाल एवं समाज के सैकड़ो युवाओं की मौजूदगी में टीम के खिलाड़ियों का चयन किया गया, टीम के लिए जर्सी का वितरण भी किया गया। अग्रोहा मित्र मंडल आयोजन समिति ने बताया की अग्रवाल प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए 8 टीमों का चयन किया गया है। प्रत्येक टीम में 12 खिलाड़ी होंगे, मिनी स्टेडियम, गांधी चौक में आयोजित अग्रवाल प्रीमियर लीग का उद्घाटन मैच 25 दिसंबर की शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। प्रतिदिन चार मैच खेले जाएंगे और 28 दिसंबर को सेमी फाइनल तथा फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम होगा। विजेता टीम को आयोजन समिति के द्वारा 2 लाख के नगद राशि तथा प्रीमियर लीग ट्रॉफी प्रदान की जाएगी तथा उपविजेता टीम को एक लाख की नगद राशि तथा एपीएल ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। मैन ऑफ़ द सीरीज का पुरस्कार के लिए 21 हजार की नगद राशि प्रदान की जाएगी तथा मैन ऑफ द मैच में प्रत्येक मैच में 5100 की नगद राशि खिलाड़ी को प्रदान की जाएगी तथा फाइनल तथा सेमी फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ी को समिति के द्वारा 11 हजार का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।





**विजेता टीम को 2 लाख नकद व ट्रॉफी**

8 टीमों का चयन, ट्रॉफी अनावरण और जर्सी लॉन्च किया गया

## एथलेटिक्स में पुरूष विजेता व महिला उपविजेता



अंतर परिक्षेत्र राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में महिला- पुरुष बहतराई स्टेडियम में संपन्न हुआ। जिसमें सेक्टर पुरुष वर्ग में विजेता एवं महिला वर्ग में उपविजेता रहा। राज्य के विभिन्न सेक्टरों से विभिन्न महाविद्यालय की टीमो ने भाग लिया, जिसमें बिलासपुर सेक्टर की भी टीम शामिल हुई। नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी की प्राचार्य डॉ रुबी मिल्होत्रा के मार्गदर्शन में तथा क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर अजय सिंह, टीम मैनेजर पुरुष सौमित्र शर्मा सहायक प्राध्यापक एवं टीम मैनेजर महिला डॉ सरिता पटेल सहायक प्राध्यापक के नेतृत्व में यह पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ पीडी महंत एवं डॉ व्ही सी शुक्ला द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य को ट्रॉफी प्रदान की गई। सहायक प्राध्यापक चित्रलेखा श्रीवास, बरखा हवाई, आकाश पटेल, संजय कुर्रे एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।



## नेटबॉल पुरूष में जांजगीर ने जीता मैच

15वी राज्य स्तरीय सीनियर नेटबॉल प्रतियोगिता फाइनल मैच पुरुष वर्ग में दुर्ग बराबर रहा। एक्स्ट्रा टाइम में 5 मिनट का समय मिला उसमें 15 एवं 16 टोटल हुआ, एक्स्ट्रा टाइम में जांजगीर ने एक अंक से जीत हासिल की। महिला वर्ग रायपुर स्कोर 9 दुर्ग 28 दुर्ग टीम ने इस मैच को 19 अंक से जीत लिया। कंबाइंड तीसरा स्थान बिलासपुर रहा और पुरुष में कंबाइंड भाटापारा और राजनंदगांव को तीसरा स्थान दिया गया। मुख्य अतिथि प्रकाश बहरानी, डॉ अशीष मुंदड़ा, प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं सचिव योगेश साहू, संरक्षक प्रवीण बेसन,उपाध्यक्ष अख्तर खान, अध्यक्ष सौरभ सिंह, महासचिव राजेश राठौर, प्रदेश अध्यक्ष मीन केरकेट्टा, कबड्डी महा संघ से प्रदीप यादव,अमित तिवारी, टेनिकल कमिटी, महिला टीम के कोच मोहन निषाद थे।



# जल्लाद के रोल में असली धुरंधर साबित हुए अक्षय...

**नई दिल्ली।** फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस में भौकाल मचा रही है, वहीं सोशल मीडिया पर रहमान डकैत बने अक्षय खन्ना ट्रेंड कर रहे हैं। अक्षय खन्ना खूंखार गैंगस्टर के किरदार में धांसू लगे हैं, जिसके दहशत से लोग कभी थरथर कांपते थे। उसके कारनामे देखकर लोगों के हलक सूख जाते थे। फिल्म में रहमान डकैत बने अक्षय खन्ना की अदाकारी फिल्म के बाकी धुरंधरों पर भारी पड़ रही है। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' असली घटनाओं से प्रेरित है, जिसमें भारत-पाक के आतंकवाद के खिलाफ जंग को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी 2000 के दशक के आखिर में कराची के लियारी इलाके के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

लाइफ Style

# शुभांगी

## तन्वी द ग्रेट के लिए मिला बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने अनुपम खेर की निर्देशित फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' से बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था। इसी फिल्म के लिए उन्हें ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

यह कार्यक्रम 6 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया में हुआ था। 'तन्वी द ग्रेट' के लिए शुभांगी दत्त को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस फेस्टिवल में 'तन्वी द ग्रेट' को बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड भी मिला। स्क्रीनप्ले अनुपम खेर, अभिषेक दीक्षित और अंकुर सुमन ने मिलकर लिखा था। शुभांगी ने खुशी जताते हुए कहा, 'यह अवॉर्ड जीतना बहुत खास और अजीब सा लग रहा है। तन्वी का किरदार बहुत ईमानदारी, कमजोरी, अनुशासन और ताकत मांगता था।' आगे शुभांगी ने अनुपम का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, मैं बहुत शुक्रगुजार हूं कि दुनिया भर के दर्शकों को फिल्म और उसका सुंदर मैसेज पसंद आया। अनुपम सर का बहुत-बहुत शुक्रिया जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे जिंदगी भर याद रहने वाला रोल दिया। इस दौरान अनुपम खेर ने कहा, 'यह बहुत अच्छी जीत है। शुभांगी ने तन्वी के किरदार में पूरी जान डाल दी। यह फिल्म दिल से बनी है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जाना बहुत खुशी की बात है।' फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की कहानी एक ऑटिस्टिक लड़की तन्वी की है, जो अपने दिवंगत पिता का सपना पूरा करने के लिए सियाचिन (दुनिया का सबसे ऊंचा युद्धक्षेत्र) पहुंचकर भारतीय तिरंगा फहराना चाहती है।




## हॉलीवुड मसाला



# शादी के लिए वेन्यू की तलाश खत्म

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन सिंगर और युवा दिलों की धड़कन टेलर स्विफ्ट ने जब फुटबॉल प्लेयर ट्रैविस केल्स संग सगाई की घोषणा की, तो दुनियाभर में उनके फैंस दीवाने हो गए। टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स रोड आइलैंड के ओशन हाउस में शादी करने का प्लान बना रहे हैं। यह शादी 13 जून, 2026 को होने वाली है। टेलर स्विफ्ट अपनी 1.6 बिलियन डॉलर (14416.88 करोड़ रुपए) की नेट वर्थ में से अच्छा-खासा पैसा अपनी लग्जरी वेडिंग पर खर्च करने वाली हैं। दोनों टेनेसी में एक ब्लैकबेरी फार्म पर भी कुछ समय के लिए विचार कर रहे थे। लेकिन, अब शादी के लिए अगल वेन्यू 'ओशन हाउस होटल' तय किया गया है।

# 17 साल का लड़का, जो 9 लोगों का करता है मर्डर



**लॉस एंजिल्स।** एक साइकोलॉजिकल हॉरर-ड्रामा सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी पहला सीजन 2013 में आया था और आखिरी सीजन 2017 में आया था। इसे कार्लटन क्यूज, केरी एहरिन और एंथनी सिप्रियानो ने मिलकर डेवलप किया था। इसके डायरेक्शन में टकर गेट्स, टीम मेंटॉर्फ और सारा बॉयड जैसे कई एक्सपीरियंसड नाम जुड़े थे। इस सीरीज की खासियत इसकी डार्क टोन और किरदारों की गहराई में उतरती कहानी है। इस सीरीज की कहानी नॉर्मन बेट्स और उसकी मां नॉर्मा के रिश्तों के ईद-गिर्द घूमती है। कैसे वे एक छोटे शहर में नया जीवन शुरू करने के लिए मोटल खरीदते हैं, लेकिन धीरे-धीरे मिस्टीरियस घटनाएं और नॉर्मन की मेंटल हेल्थ सामने आती है। सीरीज दिखाया गया है कि कैसे मासूम सा दिखने वाला नॉर्मन एक खतरनाक सीरियल किलर बन जाता है, जो 9 लोगों को मौत के घाट उतार देता है। इस सीरीज में टोटल 50 एसिपोड हैं, जो 5 अलग-अलग सीजन में बढ़ें हैं।



# बेटी के जन्म के बाद पहली बार दिखीं

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी अपने पहले बच्चे को जन्म देने के बाद पहली बार पब्लिकली नजर आईं। उन्होंने 15 जुलाई 2025 को बेटी सरायाह मल्होत्रा को जन्म दिया था। अब करीब 6 महीने बाद फैंस को उनकी झलक देखने को मिली है। कियारा ने पपाराजी से बात भी की। उन्होंने ये भी बताया कि उनकी बेटी कैसी है। कियारा आडवाणी के वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। फैंस का कहना है कि बेटी को जन्म देने के बाद भी कियारा बिल्कुल नहीं बदली हैं। वो पहले जैसी ही फिट और खूबसूरत दिख रही हैं। कियारा से पपाराजी ने पूछा कि उनकी बेटी सरायाह मल्होत्रा कैसी हैं तो उन्होंने कहा कि वो बिल्कुल ठीक हैं। मालूम हो कि कियारा ने 7 फरवरी 2023 को सिद्धार्थ मल्होत्रा से जैसलमेर के सूर्यगढ़ पैलेस में ग्रैंड वेडिंग की थी।

# हैवान की शूटिंग हुई खत्म, सैफ ने काटा केक

**मुंबई।** अक्षय कुमार और सैफ अली खान की आने वाली फिल्म 'हैवान' की शूटिंग आधिकारिक तौर पर पूरी हो गई है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने सोशल मीडिया पर पूरी टीम की आखिरी ग्रुप फोटो शेयर करते हुए यह खुशखबरी दी। इन तस्वीरों में सैफ अली खान, फिल्म के निर्देशक प्रियदर्शन और सैयामी खेर समेत कई कलाकार और क्रू मेंबर्स बेहद खुश नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में एक बहुत बड़ा कार चेज सीन फिल्माया गया है। इसमें 30-40 लग्जरी कारों और करीब 100 जूनियर आर्टिस्ट्स का इस्तेमाल किया गया। यह सीन चर्चगेट (मुंबई) की सड़कों पर



लगातार 5 रातों तक शूट हुआ। इस शानदार एक्शन को विश्व प्रसिद्ध स्टंट डायरेक्टर स्टंट सिल्वा ने डिजाइन किया है। फिल्म 'हैवान' अगले साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस को इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार और सैफ अली खान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह एक हॉरर फिल्म है। फिल्म 'हैवान' (**Haiwaan**), मोहनलाल की 2016 की मलयालम फिल्म 'ओप्पम' का हिंदी रीमेक है।

## टीवी मसाला



# सिर्फ ट्रॉफी और कैश प्राइज ही नहीं गौरव ने जीती इतनी सारी चीजें

**नई दिल्ली।** टीवी के सुपरस्टार गौरव खन्ना ने 'बिग बॉस 19' की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। शो के होस्ट सलमान खान ने अनाउंस किया कि उन्हें सिर्फ ट्रॉफी ही नहीं, बल्कि 50 लाख रुपएकी प्राइज मनी भी मिली है। सिर्फ इतना ही नहीं, शो के दौरान गौरव ने कई सारी चीजें जीती हैं। बिग बॉस के घर में स्पॉन्सर टास्क हुआ था। इस टास्क के दौरान गौरव खन्ना को घरवालों के सबसे ज्यादा वोट्स मिले थे जिसकी वजह से सिट्रोएन उन्हें ब्रांड न्यू सिट्रोएन कार मिली थी। गौरव खन्ना को मोस्ट स्टाइलिश कंटेस्टेंट होने का खिताब मिला था और फ्लिपकार्ट ने उन्हें अपनी तरफ से 1.5 लाख रुपये का फ्लिपकार्ट वाउचर भी दिया था। डेन्यूब ने बिग बॉस के टॉप 6 कंटेस्टेंट्स से वादा किया था कि वह उन्हें क्रूज पार्टी का एक्सेस देगा। जब भी कंटेस्टेंट्स क्रूज पार्टी के पासेस लेकर दुबई जाएंगे तब डेन्यूब उन्हें लग्जरी क्रूज पार्टी को एक्सपीरियंस करने का मौका देगा।

# स्टेज पर परफॉर्म कर रही कनिका पर शख्स ने अचानक किया हमला



**मुंबई।** कनिका कपूर फिर से चर्चा में हैं। कनिका अपने किसी गाने की वजह से नहीं, बल्कि उनके साथ कॉन्सर्ट में हुए हादसे की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। कनिका का एक वीडियो कॉन्सर्ट के दौरान का सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स उनके साथ बदसलूकी करता नजर आ रहा है। कनिका कपूर बॉलीवुड की पसंदीदा गायिकाओं में से एक हैं। वह एक दशक से भी ज्यादा समय से लोगों के दिलों पर राज कर रही हैं। हाल ही में एक कॉन्सर्ट के दौरान कनिका पर एक शख्स ने हमला कर दिया, जो मंच पर पहुंचकर उन्हें उठाने की कोशिश कर रहा था। वो तो गनीमत है कि गायिका के सुरक्षाकर्मी सक्रिय थे और उन्होंने उस व्यक्ति को मंच से नीचे उतार दिया। इस घटना के कई वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। कनिका का यह वीडियो मे-गोंग फेस्टिवल के दौरान का है।


**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी श्री असलम खान)**
**- : ज्ञापन :-**

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक -80/2025
आदेश दिनांक -26.11.2025
पेशी दिनांक - 03.01.2026
प्रोसेस क्रमांक - 213/25

वेदुला सोमेश्वर राव ....**आवेदक**
**विरुद्ध**
वेदुला शैलेष वगैरह....**अनावेदकगण**
**बनाम-** आम जनता (जिनका संबंध हो)

आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र अंतर्गत धारा-372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जिसकी पेशी तारीख 03-01-2026 को समय-11.00 बजे उत्तर देने के लिए नियत किया गया है, आप न्यायालय में स्वयं या अपने किसी प्लीडर /अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, यदि किसी कारण से नियत तिथि को इस न्यायालाय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हैं तो अगलें कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 03-12-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**(असलम खान)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2025-26
ग्राम- कोयलारी प.ह.नं. 44 तह. लोरमी
पक्षकार- श्री भारत कुमार बनाम छ.ग. शासन।

आवेदक भारतकुमार पिता विष्णुप्रसाद जाति तेली निवासी ग्राम कोयलारी तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वतः के नाम पर ग्राम कोयलारी प.ह.नं. 44 तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 134/2 रकबा 0.052 हेक्टे. को. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्रा बी-1, खसरा, नक्शा, आधार कार्ड, अधिकार अभिलेख की छायाप्रति एवं मिशल सत्यापित प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.12.2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके उपरांत याप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 03.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी**
**जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मस्तुरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र......../अ-2/2025-26
मौजा - खम्हरिया, प.ह.नं. 13,
तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग
1. विश्वनाथ श्रीवास पिता रामाधार, 2. टेकराम श्रीवास पिता रामाधार, दोनों निवासी कुली, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग.....
**आवेदक / आवेदिका**
**विरूद्ध ...छ.ग. शासन...अनावेदक**

एतद् द्वारा ग्राम खम्हरिया, प.ह.नं. 13, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण / आवेदिकागण विश्वनाथ श्रीवास पिता रामाधार, निवासी कुली, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर छ.ग. एवं अन्य 01 ने उपस्थित होकर मौजा खम्हरिया, प.ह.नं. 13, तहसील सीपत, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 310/13, रकबा 0.008 हे./872 वर्गफीट भूमि को छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत व्यवसायिक हेतु डायवर्सन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक-11.12.2025 के लिये नियत है। अतः तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक-26.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मस्तुरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2025-26
ग्राम- कोयलारी प.ह.नं. 44 तह. लोरमी
पक्षकार- झुलबाई बनाम छ.ग.शासन।

आवेदक झुलबाई पति दुकलहा जाति तेली निवासी ग्राम कोयलारी तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वतः के नाम पर ग्राम कोयलारी प.ह.नं. 44 तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 134/3 रकबा 0.081 हेक्टे. को.भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्रा बी-1, खसरा, नक्शा, आधार कार्ड, अधिकार अभिलेख की छायाप्रति एवं मिशल सत्यापित प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.12.2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 03.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार बोदरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

ग्राम बोदरी, प.ह.नं. 01

एतद् द्वारा ईश्तहार के माध्यम से ग्राम बोदरी प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर के आम जनता को हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका विरेन्द्र टण्डन पिता/पति अजब लाल जाति सतनामी निवास बोदरी के भूमि स्वामी हक की भूमि जो की राजस्व अभिलेख में श्री विरेन्द्र टण्डन पिता /पति अजब लाल या अन्य....के नाम पर पटवारी एवं राजस्व अभिलेख में दर्ज है जिसकी ऋण पुस्तिका के गुम होने/चोरी हो जाने /जीर्ण क्षीर्ण हो जाने अथवा ऋण पुस्तिका में अत्यधिक काट फीट हो जाने के कारण इस न्यायालय में द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। इस संबंध में हितबद्ध पक्षकार या अन्य जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह नियत दिनांक 19/12/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात किये गये दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित ईश्तहार जारी किया गया है।

**टीप:-**ग्राम में ईश्तहार का मुनादी कर एक प्रति ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया जावे।

**तहसीलदार**
**बोदरी, जि.बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा आम सूचना आम आदमी, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था हेतु प्रकाशित किया जाता है कि मेरे पक्षकार चन्द्रचूड़ समीर, मनीष तीनो पिता स्व. शंकर लाल सूर्यवंशी निवासी ग्राम पंधी, (देवरी) तह - सीपत, जिला बिलासपुर के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम लगरा प.ह.नं. 27 जिला - बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 631 रकबा 0.27 एकड़ है । को अवैधानिक रूप से बिना अधिकार के इन्द्रजीत गेन्दले पिता भूखउ सतनामी बताते हुए के द्वारा निवासी ग्राम मोपका अपने नाम पर राजस्व अभिलेख में अंकित करवाकर गौरी शंकर साहू पिता गणेश रान साहू निवासी मोपका वाले के पक्ष में विक्रय पक्ष निष्पादित कर दिया है। मेरा अभ्यर्थी चन्द्रचूड़ वगैरह द्वारा इन्द्रजीत गेंदले एवं गौरीशंकर के विरूद्ध माननीय नवम व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर के न्यायालय में वाद वास्ते घोषणा एवं स्थाई ब्यादेश का वाद संस्थित किया है।

माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 4.12.2025 को अस्थाई ब्यादेश का आदेश पारित करते हुए वह निर्देशित किया है कि उपरोक्त दर्शित ख.नं. की भूमि को गौरीशंकर पिता गणेशराम साहू किसी भी अन्य व्यक्ति के पास विक्रय एवं हस्ताक्षर नहीं करेगा। अगर गौरीशंकर द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के पास विक्रय करता है तो वह गलत एवं नाजायज माना जावेगा एवं गौरीशंकर एवं क्रेता के विरूद्ध न्यायालय की अवमानना का प्रकरण (क्रिमिनल) पंजीबद्ध होगी, अतएव गौरीशंकर से उपरोक्त दर्शित ख.नं. की भूमि को कोई न खरीदे इसके साथ ही इन्द्रजीत गेंदले एवं गौरीशंकर के विरूद्ध धारा 420, 467,468 की कार्यवाही किया जा रहा है, इनके अवैधानिक कृत्यों के कारण अतएव गौरीशंकर पिता गणेश राम साहू से ग्राम - लगरा स्थित भूमि ख.नं. 631 रकबा 0.27 को न खरीदें, खरीदी (खरीददार) किये जाने पर उसके विरूद्ध भी फौजदारी प्रकरण पंजीबद्ध होगी। अतएव इस आम सूचना के माध्यम से न्यायालय के आदेशानुसार अगाह किया जाता है। सूचना जानें।

दिनांक- ...

**पक्षकार- चन्द्रचूड़**
**भवदीय- राकेश शर्मा, अधिवक्ता**
**निवास / आफिस- कृष्णा नगर**
**धमनी बाड़ा जूना बिलासपुर, बिलासपुर**
**मो.नं. 9300350390**
**7223910282**

**न्यायालय तहसीलदार मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)**
**// नोटिस //**

रा.प्र.क्र.202412071300002/
अ-6-अ/2024-25
ग्राम गतौरा प.ह.नं. 1. तह. मस्तूरी.
जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)

राकेश तम्बोली पिता स्व. विश्राम प्रसाद तम्बोली, राजेन्द्र तम्बोली पिता स्व. विश्राम प्रसाद तम्बोली, राममिलन तम्बोली पिता स्व. विश्राम प्रसाद तम्बोली, जाति-तम्बोली, निवासी ग्राम गतौरा, तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)..... **आवेदकगण**

**विरूद्ध**

छ.ग. शासन....**अनावेदक**

एतद् द्वारा ग्राम गतौरा, प.ह.नं. 1. तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.) के अनावेदकगण को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा ग्राम गतौरा प.ह.नं. 1, तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं.2157/2 रकबा 0.174 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि वर्ष 1994 से लेकर 1999 तक एवं वर्ष 2004 से 2009 तक व वर्ष 2010-11 में संतोष वगैरह के नाम पर चला आ रहा है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में उक्त भूमि त्रुटिवश घुंशी पिता धनिया, तिहारू व कृपाराम पिता रामेश्वर के नाम पर दर्ज है। जिसे त्रुटिसुधार करते हुए आवेदित भूमि ख.नं. 2157/2 रकबा 0.174 हे. भूमि को आवेदकगण अपने नाम पर दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 15/12/2025 के लिए नियत है।

अतः अनावेदक घुंशी पिता धनिया, तिहारू व कृपाराम पिता रामेश्वर के वारिसानों क्रमशः **बलिस्टर, दुखीराम पिता घुंशी, संतोष, मनबोध, प्रमोद, विनोद पिता पिताम्बर, रामा, लक्ष्मी, रामायण, राकेश, राजेश पिता साहेबलाल, शिवकुमार, सियाराम, नारायण पिता तिहारू** को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नियत तिथि को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करे। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**मस्तूरी,**
**जिला-बिलासपुर, (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर, (छ.ग.)**
**नोटिस / समंस**

पियूष वगैरह.....**आवेदकगण**
**विरुद्ध**
अमित कुमार पटेल वगैरह...**अनावेदकगण**

प्रोसेस क्र.- 882
एमजेसी नं. - 579/2025
आदेश दिनांक - 24/11/2025
पेशी ता.- 22/01/2026

**प्रति,**
**आम जनता**

इस न्यायालय में आवेदकगण ने एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 29 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम वास्ते नाबालिक की संपत्ति बिक्री किये जाने की अनुमति दिये जाने बाबत दोनों नाबालिक के वैध संरक्षक वली पिता हेमंत कुमार द्वारा ग्राम खमतराई प.ह.नं. 25, रा.नि.मं. व तहसील व जिला बिलासपुर से स्थित भूमि खसरा नं. 26/1 कुल रकबा 1.00 एकड़ हे. भूमि जो शामिलात रूप से आवेदकगण एवं अनावेदक क्र. 1 से 3 के साथ संयुक्त रूप से दर्ज है। जिसमें आवेदकगणों का हिस्सा विद्यमान है जिसे उपरोक्त आवेदकगण अपने उपरोक्त नाबालिकों के हिस्से की भूमि को बिक्री करने हेतु बिक्री की अनुमति बाबत आवेदन पत्र पेश किये हैं। उपरोक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 22/01/2026 को नियत हैं इस समाचार पत्र में प्रकाशन के द्वारा आमजनता को सूचित किया जा रहा है कि यदि किसी व्यक्ति को आवेदन पत्र पर आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/01/2026 को न्यायालय में प्रातः 11.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति जवाब पेश करते है अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 22/01/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 28/11/2025 को मेरे न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर हस्ताक्षरित किया गया है।

स्थान - बिलासपुर छ.ग.
दिनांक-28/11/2025

**(शैलेष कुमार केतारप)**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)**

**न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**नोटिस / समंस**

उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 78/2025
आदेश दिनांक 25/11/2025
पेशी दिनांक 05/01/2026
प्रोसेस क्रमांक 214/25

श्रीमती रंजिता नेल्सन ......**आवेदिका**
**विरूद्ध**
विनय नेल्सन वगैरह...........**अनावेदकगण**

**प्रति,**
आम जनता, जिससे इसका संबंध हो

इस न्यायालय में आवेदिका श्रीमती रंजिता नेल्सन पति स्व. विरेन्द्र नेल्सन, उम्र 54 वर्ष, निवासी फिरंगीपारा, करगी रोड कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) हाल मुकाम तिफरा पुल के पास, थाना सिरगिट्टी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पति की मृत्यु उपरांत अनावेदक क्रमांक 2 भारतीय स्टेट बैंक, शाखा करगी रोड कोटा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में जमा संपूर्ण रकम को लाभांश सहित प्राप्त करने के लिए भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 के तहत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त संबंध में किसी भी आमजन का कोई अधिकार या हित हो या उत्तराधिकार के संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकरण की पेशी दिनांक 05/01/2026 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है, नियत पेशी दिनांक 05/01/2026 तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 05/01/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते हैं तो उसके अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 06/12/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक - 06/12/25
स्थान - बिलासपुर (छ.ग.)

**(असलम खान)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ श्रेणी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार छत्तराम तिवारी पिता स्व. सीताराम तिवारी उम्र 36 वर्ष निवासी-गणेश सांई मंदिर, बंगाली पारा, गली नं. 04, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने मौजा बहतराई, प.ह.नं. 48, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 303/20 रकबा 1056 वर्गफीट को भूमि स्वामी मुजफ्फर खान पिता कुजूर खान उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के पास क्रय करने का पक्का सौदा किया है। उक्त भूमि के खरीदी के एवज में मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी मुजफ्फर खान पिता कुजूर खान को बयाना राशि दिया है और जल्द ही उक्त भूमि की रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के नाम पर होनी है। ऐसी स्थिति में उक्त भूमि के खरीदी-बिक्री के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था/निकाय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर समस्त दस्तावेज सहित अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत करे, समयावधि पश्चात की गई दावा आपत्ति अमान्य मानी जावेगी।

सो सूचना जाने।

दिनांक : 08/12/2025

**तोषण अग्रवाल**
**(अधिवक्ता)**
**जोरापारा, जोरा तालाब के पास,**
**सरकण्डा बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 9907236288**

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**
**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास मंगला बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी -256, आबंटी श्रीमती प्रेमलता देवांगन पति श्री खेमचंद देवांगन, को नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक-30.12.2019 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को तृतीय क्रेता श्रीमती संतोषी परिहार पति श्रीधर परिहार, को विक्रय करना चाहती है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि कोउक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम आबिदा बेगम (**ABEDA BEGUM**) पति अय्युब खान अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम आबिदा खान (**ABIDA KHAN**) पति अय्युब खान निवासी शिव चौक कुदुदण्ड, वार्ड नंबर 16, बिलासपुर छ.ग. (495001) रख ली हूँ।

अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम आबिदा खान पति अय्युब खान से जाना एवं पहचाना जाए।

**आबिदा खान**
**वार्ड नं. 16,**
**शिव चौक, कुदुदण्ड**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मौजा सिरगिट्टी, प.ह.न. 41, रा.नि.म. सिरगिट्टी, तहसील बिलासपुर, अंतर्गत नगर पालिका निगम बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. क्षेत्रांतर्गत स्थित भूमि ख.न. 992/6 क्षेत्रफल 3360 वर्गफुट भूमि है जिसे श्रीमति ईश्वरी देवी फुलवानी पति श्री मेघराज फुलवानी निवासी व्यापार विहार बिलासपुर छ.ग. के द्वारा श्री चंद्रकांत सचदेव पिता श्री करसन दास सचदेव निवासी मेडिकल काम्पलेक्स तेलीपारा बिलासपुर छ.ग. के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 21/09/2012, पंजीयन क्रमांक 2546 पंजीयन कार्यालय बिलासपुर छ.ग. के माध्यम से विक्रय किया गया है। जिसे श्री चंद्रकांत सचदेव के द्वारा श्री अनिल साहू पिता श्री शिव प्रशाद साहू निवासी विनोबा नगर बिलासपुर छ.ग. वाले को विक्रय किया गया हैं। वर्तमान में उक्त भूमि पर श्री अनिल साहू का मालिकाना हक व कब्जा है। उक्त विक्रय पत्र श्री अनिल साहू से कही गुम हो गया है। श्री अनिल साहू द्वारा उक्त भूमि को बंधक कर इंडियन बैंक शाखा व्यापार विहार बिलासपुर, जिला बिलासपुर छ.ग. से ऋण लिये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, वित्तिय संस्थान, बैंक, समिति को कोई आपत्ति हो तो अविलंब दस्तावेजों के साथ मेरे कार्यालय में एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधी पश्चात आपत्ति अमान्य होगा। सो सूचना जानें।

दिनांक 08/12/2025

**M L.Yadav**
**Advocate**
**MIG 2/14, Narmada Nagar,**
**Bilaspur (C.G.)**
**Contact: 9300325314**

## खबर संक्षेप

### विश्व मृदा दिवस पर बच्चों ने बनाई रंगोली




**मुंगेली।** विश्व मृदा दिवस पर जिले के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ग्राम दाबों एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ग्राम बंधवा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा मृदा से बनी रंगोली तथा विविध सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत दी। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए रंगोली, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गईं। जिले के वरिष्ठ मृदा परीक्षण अधिकारी मनहरण कुर्रे ने विद्यार्थियों को मृदा दिवस का महत्व बताया। कृषि विज्ञान केंद्र मुंगेली के वैज्ञानिक डॉ. एसके लहरे ने विद्यार्थियों को फसलों में रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग, जैविक उर्वरकों, मानव स्वास्थ्य पर मृदा गुणवत्ता का प्रभाव तथा पोषक तत्वों के संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुहुप राम बने साहू संघ के जिलाध्यक्ष




**मुंगेली।** सर्वसम्मति से जिला साहू संघ का चुनाव संपन्न कराया गया। जिसमें पुहुप राम साहू को पुनः जिला साहू संघ मुंगेली का अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद के लिए रामखेलावन साहू, राजदुलारी साहू, संगठन सचिव राकेश साहू एवं पूर्णिमा साहू का चयन किया गया है। समन्वय समिति में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, पोषण साहू, बलदाऊ साहू एवं झालेश्वर साहू शामिल रहे। प्रदेश साहू संघ द्वारा नामांकित पर्यवेक्षक के रूप में विष्णु साहू, उधो राम साहू, चंद्रशेखर साहू, निर्वाचन पदाधिकारी मुनस साहू, हिंसा राम साहू, रामेश्वर साहू ने चुनाव को संपन्न कराया। अतिथियों के द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर तहसील संघ मुंगेली के अध्यक्ष डॉ. लेखू साहू, लोरमी राजेश साहू, पथरिया रामकुमार साहू, लालपुर भवानी शंकर साहू, सरगांव गोविंद साहू, जरहागांव महेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष दुकाल साहू, भारत साहू, राजकुमार साहू का नवनिर्वाचित जिला साहू संघ के अध्यक्ष पुहूप राम साहू के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं गमछे से सम्मान किया गया।

### अधिवक्ता संघ का दल धार्मिक यात्रा पर ओडिशा रवाना



**मुंगेली।** जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजमन सिंह के मार्गदर्शन में संघ का 45 सदस्यीय दल ओडिशा के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा पर रवाना हुआ। यात्रा दल में उपाध्यक्ष आकुम गेंदले सचिव राजेंद्र चंद्रवंशी, वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र छाबड़ा, प्रकाश गंधर्व, प्रदीप हरवंश के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्तागण शामिल हुए। दल ने पुरी स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर, साक्षीगोपाल, भुवनेश्वर के लिंगराज महादेव तथा विश्वप्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर में विधिवत दर्शन कर प्रदेश, समाज और न्याय व्यवस्था की उन्नति के लिए प्रार्थना की। वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र छाबड़ा ने कहा कि "ओडिशा यात्रा ने हमें आध्यात्मिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध किया है। उपाध्यक्ष आकुम गेंदले ने कहा कि "मुंगेली अधिवक्ता संघ की यह यात्रा केवल धार्मिक प्रवास नहीं, बल्कि आत्मिक शांति, एकता और ज्ञान का अनुपम संगम रही। संघ के सचिव राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि 45 सदस्यों की सहभागिता संघ की शक्ति और अनुशासन का प्रतीक है। इस मौके पर प्रकाश गंधर्व, अभय शुक्ला, आकुम गेंदले, जीवन बंजारा, अजय कश्यप, उभय टंडन, ज्ञानेश्वर वेंतल, कबीरपंथी डाहिरें, कौशल साहू, मारूत सिंह, गौतम जैन, पाल सिंह, सुरेंद्र, संतोष ठाकुर, निमेष पटेल, रामकुमार साहू, मोहित घृतलहरे, जयकुमार डहरिया, तुला राम बंजारा, नेमचंद साहू, यमुना सोनकर, जितेंद्र जांगड़े सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता सम्मिलित रहे।

### एसबीआई ने किया वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान



**मुंगेली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विकास कुमार की अगुवाई में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित वरिष्ठजनों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि "बुजुर्ग इस धरती पर भगवान समान हैं। उनका सम्मान करना ईश्वर की पूजा जैसा है। समारोह में पथरिया से पीला दास पाटले, बद्री प्रसाद वर्मा, जीवन राम सिंह क्षत्री, तथा मुंगेली से अध्यक्ष पेंशनर कल्याण संघ सईद खान, दिलीप कुमार पाज स्टेट बैंक अधिकारी, राकेश गुप्ता कवि, प्रहलाद पांडेय, ओम कोराले, शंकर सिंह राजपूत, नीलकंठ तिवारी, एमएल टंडन, बीके विश्वकर्मा, एमके जनार्दन, कंपलसिंह ध्रुव, देवचरण शर्मा, चतुर्वेदी, एमडी मानिकपुरी, एचआर मास्कर, गोवर्धन निर्मलकर, हरिराम साहू, कदमदास कोशले, किशन सिंह क्षत्री, डीडी नामा, गजानंद सिंह परिहार, जगदीश देवांगन, बीपी तंबोली, भागदास टोंडर, प्रभात गुप्ता, देवलाल देवांगन सहित कुल लगभग 85 वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी पथरिया पीएस बेदी, गंगा सिंह राजपूत हथनी कला एवं बड़ी सिंह राजपूत चारभाण को संगठन की सदस्यता प्रदान की गई। समारोह के अंत में सभी सदस्यों ने कुआगांव निवासी गणपत साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्ष सईद खान ने बताया कि आगामी 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस के अवसर पर बलौदा बाजार में प्रांतीय स्तर का समारोह आयोजित होगा, जिसमें मुंगेली के पेंशनर्स भी सम्मिलित होंगे।

## वन अमला मुस्तैद, दहशत में रातभर जागता रहा परिवार

# भटका किशोर हाथी बना खतराः पोड़ी के किसान को दौड़ाया, खेत में मचाई तबाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

जांजगीर जिले के जंगलों से भटककर दलहा पहाड़ के रास्ते सीपत क्षेत्र में पहुंचा लगभग 10 वर्षीय किशोर नर हाथी बीते दो दिनों से भरुआडीह कैमाडीह वनांचल सहित आसपास के गांवों में दहशत का कारण बना हुआ है। हाथी की अनियमित और खतरनाक हलचल के चलते ग्रामीणों की नींद उड़ गई है। खेतों में किसानों की सालभर की मेहनत पर भी संकट मंडराने लगा है।

■ ड्रोन कैमरे से हाथी के मूवमेंट पर रखी जा रही नजर

हाथी की मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग द्वारा आसपास के गांवों में मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क किया गया, लेकिन इसके बावजूद हाथी ने रविवार देर रात गंभीर घटना को अंजाम दे दिया। रात लगभग 11 बजे हाथी ग्राम पोड़ी निवासी किसान भागवत प्रसाद धीवर के खेत में घुस गया, जहां उसने धान और सब्जी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। किसान के अनुसार खेत में रखी करीब 60 बोरी धान में से 3 बोरी धान हाथी ने मौके पर ही चट कर दी, वहीं सब्जी की बोआई को पूरी तरह रौंद दिया। घटना के दौरान जब खेत से आने वाली आवाज सुनकर किसान भागवत बाहर निकले, तो सामने हाथी को फसल खाते देख उनके होश उड़ गए। इसी दौरान हाथी ने उन्हें दौड़ा लिया। किसी तरह भागवत जान बचाकर घर के अंदर घुसे और तुरंत 112 सेवा पर सूचना दी, लेकिन सोमवार सुबह 11 बजे तक कोई टीम मौके पर नहीं पहुंच पाई, जिससे पीड़ित परिवार पूरी रात भय और दहशत में जागता रहा। हाथी की मौजूदगी के चलते कारीछापर, जूहली, कैमाडीह, खाड़ा सहित आसपास के कई गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एहतियातन कई स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई।



### पीड़ित किसानों ने की मुआवजे की मांग

पोड़ी निवासी किसान भागवत धीवर और दो दिन पूर्व ग्राम के ही किसान सदाराम साहू की फसलों को भटके किशोर हाथी ने खेत में घुसकर रौंद दिया, जिससे दोनों किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। घटना के बाद से पीड़ित किसान मानसिक रूप से भी भयग्रस्त हैं और शासन-प्रशासन से उचित मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे हैं। पीड़ित किसानों का कहना है कि हाथी द्वारा फसल बर्बाद किए जाने से उनकी पूरे वर्ष की मेहनत पर पानी फिर गया, जिससे परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों ने वन विभाग से शीघ्र नुकसान का सर्वे कर मुआवजा स्वीकृत किए जाने की मांग की है।

### पहले भी आया था दल

वन विभाग के अनुसार फरवरी 2023 में ओडिशा से आए 11 हाथियों का दल भी इसी मार्ग से होकर सीपत क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है। आशंका जताई जा रही है कि वर्तमान में भटका यह किशोर हाथी उसी दल का सदस्य है, जो पुराने रास्ते को पहचानते हुए दोबारा इस क्षेत्र में आ गया। सीपत सर्किल की डिप्टी रेंजर लक्ष्मी गढ़ेवाल व वन रक्षक सचिन राजपूत ने बताया कि हाथी के हर कदम, पदचिह्न, भोजन स्थलों और मूवमेंट को 'गज ऐप' के माध्यम से रियल टाइम ट्रैक किया जा रहा है, जिससे वनमंडल अधिकारी पल-पल की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं रेंजर शुभम मिश्रा ने बताया कि हाथी फिलहाल भरुआडीह से ठरकपुर के बीच लगातार घूम रहा है और कई जगहों से फसल नुकसान की सूचना मिली है। हाथी की गतिविधियों को देखते हुए बिजली विभाग को भी अलर्ट पर रखा गया है और जिन इलाकों में हाथी की आवाजाही है, वहां खुले तारों और अस्थायी बिजली कनेक्शन बंद कराए जा रहे हैं।



## किराना दुकान से 37 हजार रूपए का माल पार

**तखतपुर।** नगर में स्थित एक किराना दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंध मारकर लगभग 37 हजार रूपए का माल पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 305, 331, 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड क्रमांक 12 हाईस्कूल मेन रोड निवासी महेंद्र कारड़ा पिता रमेश कारड़ा अपने घर के सामने महोदव किराना दुकान संचालित करते हैं। रोज की तरह वे 7 दिसम्बर को रात्रि में 9 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। 8 दिसम्बर को सुबह 7 बजे उन्होंने मोबाइल पर सीसीटीवी फुटेज देखा तो सीसीटीवी बंद मिला उसके बाद वे तुरंत दुकान पहुंचे और जाकर देखा तो पीछे लोहे के दरवाजा को तोड़कर अज्ञात चोरों ने 10 हजार रूपए नकदी सहित 37 हजार रूपए का सामान पार कर दिया था। दुकान संचालक ने घटना रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले में जुर्म दर्ज कर जांच कर रही है।

### आरोपी सीसीटीवी में कैद

जब चोर चोरी करने के लिए दुकान में घुसा तो शायद सीसीटीवी की जानकारी नहीं थी और वह अंदर में सीसीटीवी कैमरे में चोरी करते दिख रहा है। जब उसको भनक लग गया कि सीसीटीवी चल रहा है तो वह केबल को खींचकर सीसीटीवी कैमरे को बंद कर दिया।

### दो वर्ष पूर्व भी हुई थी चोरी

चोर के द्वारा इस दुकान में 2 वर्ष पहले भी इसी तरह दुकान में चोरी किया था जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी परंतु आज तक उस चोर को पुलिस नहीं पकड़ पाई और नहीं चोरी का सुराग लगा पाई। इसी तरह के इस दुकान के ठीक बगल में बाबा पान मसाला का दुकान संचालित होता था जिसमें भी चोर ने चार बार सेंधमार कर चोरी की थी। इसकी रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई गई थी परंतु पुलिस आज पर्यंत उस चोर को नहीं पकड़ सकी। इस चोरी की घटना को लेकर व्यापारियों में तब जबरदस्त आक्रोश था और नगर बंद भी किया गया था उसके बाद भी चोर गिरफ्त में नहीं आया है।

## विधायक लहरिया से मिले गोंड़ आदिवासी समाज के पदाधिकारी



**मस्तूरी।** विधायक दिलीप लहरिया के प्रयास एवं अनुशंसा से 15 लाख रूपये की लागत राशि से वार्ड क्रमांक 42 व 43 गोंडवाना चौक देवरीखुर्द के पास छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा स्थापना कार्य को स्वीकृति प्रदान कराने पर गोंड़ आदिवासी समाज रूद्र शिव ताला-महासभा के पदाधिकारियों ने विधायक कार्यालय पहुंचकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विमल किशोर मरावी अध्यक्ष, गोंड़ आदिवासी समाज रूद्र शिव ताला महासभा, नंदकिशोर मरावी संगठन मंत्री (गो.ग.पा), सूर्य किशोर मरावी पार्षद वार्ड क्रमांक 43, तिलक नेताम, अमृत लाल मरावी प्रचार मंत्री, रामसिंह मरावी, संतोष मरकाम, जित्तू ध्रुवे, बादल उइके, चमन ध्रुव, जितेन्द्र एवं समस्त गोंड़ समाज के लोग उपस्थित रहे।

## भैंसाझार अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, दो भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भैसाझार अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को सफलता मिल गई है। पुरानी रंजिश में दो भाइयों ने मिलकर लाठी से मारकर हत्या करने के बाद लाश जंगल में फेंक दिया था। पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है।



ज्ञात हो कि रतनपुर भैसाझार निवासी सूर्यप्रकाश बघेल 3 दिसंबर को रहस्यमय ढंग से लापता हो गए। खोजबीन करने के बाद 4 दिसंबर को परिजन के द्वारा थाने में गुम इंसान कायम कराया था। 5 दिसंबर को सूर्यप्रकाश की भैंसाझार के जंगल में लाश मिली थी। उनके शरीर पर चोट के निशान थे। पुलिस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में जुट गई थी। पुलिस को पता चला कि मृतक का गांव के रंजीत खांडे, उसके भाई सुधीर खांडे से जमीन सहित अन्य बातों को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। मृतक ने दोनों भाइयों को गांव से बाहर करवा दिया था। जिससे दोनों भाई अपने मामा के घर तखतपुर भरारी में रह रहे थे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। सख्ती बरतने पर दोनों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। बताया जाता है दोनों भाई घटनास्थल पर मृतक के आने का इंतजार कर रहे थे। मृतक के आने पर दोनों ने लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद उन्होंने शव को उठाकर जंगल में छिपा दिया था। पुलिस दोनों भाइयों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई है। दोनों से हत्याकांड में अन्य लोगों के शामिल होने के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## किसानों को दी सूर्यमुखी की खेती से आय की जानकारी



**मस्तूरी।** शासन की गाइड लाइन के अनुसार कलेक्टर के मार्गदर्शन में सूर्यमुखी की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड की ग्राम पंचायत ऊनी में कृषि विभाग द्वारा किसान परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें ऊनी एवं कुली ग्राम पंचायत के किसान शामिल हुए। इस परिचर्चा में संभागीय संयुक्त संचालक कृषि एम के चौहान ने शासन के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए तिलहन फसल सूर्यमुखी की खेती करने हेतु किसानों को प्रेरित किया। उन्होंने सूर्यमुखी कि खेती से होने वाले आर्थिक लाभ से अवगत कराया, इस अवसर पर दोनों पंचायत से उपस्थित प्रतिष्ठित 25 किसानों ने 10 हेक्टेयर में तिलहन फसल सूर्यमुखी की खेती करने अपने सहमति दी। साथ ही तिलहन फसल सूर्यमुखी का आगामी दिनों में हेक्टेयर बढ़ाने और अन्य किसानों को इस खेती से जोड़ने के लिए प्रेरित करने स्वयं किसानों ने जिम्मेदारी लिया।

## न्यौता भोज में शामिल हुए कलेक्टर व अफसर

**सेतगंगा/मुंगेली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला फास्टरपुर में पारंपरिक 'न्योता भोज' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।



अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ पंक्तिबद्ध बैठकर भोजन किया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों का स्वागत किया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "आप सभी छत्तीसगढ़ का भविष्य हैं। यदि सफलता के लिए सच्चा जुनून हो, तो सीमित संसाधन भी बाधा नहीं बनते।" जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यालय की प्राचार्य पूर्णिमा मिश्रा ने बताया कि 'न्योता भोज' का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाईचारा, सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षक रामभजन देवांगन का सम्मान किया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे, बीईओं जितेन्द्र बावरे, मानिक लाल सोनवानी, गणेश गुप्ता, जैतराम खांडे, कुलेश्वर बारमते, सुरेंद्र बंजारे सहित शिक्षक-शिक्षिका एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### युवक से गाली गलौज मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** पालतू कुत्ते की देखभाल करने की बात को लेकर युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने वाले खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

जानकारी के अनुसार बंधियाराम जरौंधा निवासी शंकर बघेल का लड़का 7 दिसम्बर की दोपहर 3 बजे पतंग उड़ा रहा था तभी राजा घृतलहरे के पालतू कुत्ते ने उसे काट दिया इसके पूर्व भी प्रार्थी ने राजा घृतलहरे को कुत्ते की ठीक ढंग से देखभाल व सुरक्षित रखने की बात कही थी। जब कुत्ते ने उसके बच्चे को काटा तो दोबारा फिर बोला तब आरोपी राजा घृतलहरे ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 291 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## 2 करोड़ की लागत से नगर में बनेगा मिनी स्टेडियम

**तखतपुर।** नगर पालिका की सामान्य सभा का विशेष सम्मिलन अध्यक्ष पूजा मक्कड़ की उपस्थिति में आयोजित की गई। सम्मिलन में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए।

■ नपा की सामान्य सभा में लिए गए कई निर्णय



बैठक में नगर से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान लगाने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। 2 करोड़ की लागत से नगर में मिनी स्टेडियम के निर्माण कार्य की स्वीकृति, मण्डी चौक से कैलाश नगर मोड़ बीटी रोड़ निर्माण कराए जाने की स्वीकृति, वेलगेट से मोढ़े मार्ग तक रोड़ डिवाईडर एवं ट्यूबलर पोल निर्माण का प्रस्ताव पास किया गया, तहसील चौक से बेलपान रोड़ नगरपालिका सीमा तक रोड़ डिवाईडर एवं ट्यूबलर पोल निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया, जनकपुर रोड़ मेन रोड़ से भथरी पुल तक नवीन सीसी रोड़ निर्माण कार्य का प्रस्ताव एवं वार्ड क्रमांक 5 में खेल मैदान निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने बढ़ती ठण्ड को देखते हुए शहर में अलाव जलाने एवं जिन जिन जगहों में महापुरूषों की प्रतिमा लगी है वहां की साफ सफाई कराने की मांग की। पार्षद प्रियंका आहूजा ने कहा कि वार्ड में जिन सफाईकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है वह काम नहीं करने की बात कहता है। नाली में मच्छर पनपने के कारण बीमारी फैलने का अंदेशा है। पार्षद अंजू देवांगन ने कहा नगरपालिका में ड्रील मशीन खरीदने की मांग की। पार्षद अंकित अग्रवाल ने ठेकेदार द्वारा समय पर कार्य नहीं करने के कारण उसे ब्लैक लिस्ट करने की मांग की। बैठक में सीएमओ अमरेश सिंह, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, अनुपमा पाण्डेय, कोमल सिंह ठाकुर, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, जसप्रीत हूरा, कैलाश देवांगन, लवली हूरा, अंजू देवांगन, अंकित अग्रवाल, पूजा गुप्ता, प्रियंका आहुजा, मुन्ना श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।

## स्वदेशी संकल्प यात्रा में शामिल हुए नगरवासी

# स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का सभी लें संकल्प

**मुंगेली।** स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के तहत का कान्फेडरेशन ऑफ इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में नगर में स्वदेशी संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में एनसीसी कैडेट्स, नगर पालिका स्कूल के छात्रों, स्वदेशी का जाप करेंगे, अपनी रक्षा आप करेंगे, का नारा लगाते हुए जुलूस निकालें। यात्रा में बड़ी संख्या में व्यापारी, विद्यार्थी एवं नागरिक उपस्थित थे।



स्वदेशी संकल्प यात्रा में संकल्प लेते जनप्रतिनिधि एवं नागरिक।

स्वदेशी संकल्प यात्रा रेस्ट हाउस मैदान दाउपारा से प्रारंभ होकर नया बस स्टैंड पहुंची। यात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया। कैट से प्रवीण वैष्णव, अरविन्द केशरवानी, अनूप जैन एवं स्वदेशी मंच सयोजक आकाश सोनी ने बताया कि कैट एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा पूरे देश में स्वदेशी आत्मनिर्भरता का अलख जगाने के लिए स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में मुंगेली में यह यात्रा निकाली गई। सभा के मुख्य अतिथि पुन्नूलाल मोहले विधायक मुंगेली के साथ मंच पर रायपुर कैट के पदाधिकारी शंकर बजाज एवं कन्हैया अग्रवाल, अनिल सोनी, रोहित शुक्ला, शैलेष पाठक, जयप्रकाश मिश्रा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, सूरज यादव, जेठमल कोटड़यिा, श्रीकांत गोवर्धन, रवि पौराणिक, दिनेश सोनी, प्रवीण वैष्णव, मोहन भोजवानी, दुष्यंत दुबे, आरएसएस के जिला कार्यवाहक हजारी साहू अतिथि के रूप में मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि हम सब संकल्प लें और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाएं। रोहित शुक्ला ने स्वदेशी, स्थायी व्यापार और वोकल फॉर लोकल के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। शैलेष पाठक नेकहा कि स्वदेशी अपनाने से क्षेत्र व देश की तरक्की होती है। इस अवसर पर संदीप ताम्रकार, चम्पा सुथार, जीवन मंगलानी, शरद ताम्रकार, तुलजा लेडवाणी, अनूप जैन अरविन्द केशरवानी, राणा प्रताप सिंह, सौरभ बाजपेयी, धीरज सोनी, सुदीप ताम्रकार, राहुल पाठक, राकेश साहू, विनय चोपड़ा, अशोक मंगलानी राजकुमार आरतानी, रामकुमार सोनी, राकेश गुप्ता, निमेष देवांगन, प्रवीण सोनी, वशिष्ट प्रताप सिंह, अशोक सोनी, जितेन्द्र दावड़ा, अशोक गुप्ता, प्रांजल जैन, मन्नू श्रीवास्तव, शैलेन्द्र यादव, कमल सोनी, रमेश कुलमित्र, विजेंद्र नामदेव, शारदा शरण, अमन शर्मा उपस्थित थे।

## एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ



**लोरमी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी पहल एक राष्ट्र एक चुनाव के तहत पूरे देश भर में चल रहे व्यापक अभियान हस्ताक्षर अभियान का राजीव गांधी कला वाणिज्य महाविद्यालय में शुभारंभ किया गया। मुंगेली जिले के संयोजक पियूष साहू के नेतृत्व में यह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें काफी संख्या में छात्र छात्राओं बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम संयोजक पीयूष साहू ने बताया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव' ऐसा कदम है, जो चुनाव प्रणाली में सुधार कर न सिर्फ लोकतंत्र में लोगों के भरोसे को बढ़ाएगा, बल्कि मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रोत्साहित करेगा। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनय साहू, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, जिलाउपाध्यक्ष भाजपा दिनेश साहू, विक्रम सिंह, मंडल अध्यक्ष भाजपा राजेन्द्र साहू, दिनेश कश्यप, लेखराज सिंह, नगर पालिका के सभापति विश्वास दुबे, राजेन्द्र सलूजा, पार्षद सोहन डड़सेना, पूर्व पार्षद विनोद राजपूत, नरेंद्र खत्री, प्राचार्य डॉ. एनके धुर्वे, डॉ. एचएस राज, डॉ.नरेन्द्र सलूजा, अमित निषाद, मनीष कश्यप ,मुकेश यादव सहयोग रहा।

खबर संक्षेप

## रिसार्ट में खड़ी 20 लाख की बाइक में तोड़फोड़



बिलासपुर। रिसार्ट में खड़ी 20 लाख की बाइक में दो युवक बैठकर फोटो खिंचा रहे थे। बाइक मालिक मना किया तो युवकों ने उनके साथ विवाद करते हुए बाइक को पटक दिया। पुलिस ने युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, ओमनगर जरहाभाठा निवासी अंकित बंजारे पिता स्व. दिलचंद बंजारे प्रापर्टी डीलिंग करते हैं। 7 दिसंबर को वे अपनी 20 लाख के सुजुकी हाया बुसा बाइक क्रमांक सीजी 10 बी वाय, 5712 से दोस्त प्रांजल दुबे के साथ बेलगहना कुरदर रिसार्ट घूमने गए थे। उन्होंने अपनी 20 लाख की बाइक रिसार्ट के अंदर खड़े किया था। रिसार्ट में 8 से 10 लोग बाहर से घूमने आए थे और रूके थे। उसमें से दो युवक उनके 20 लाख के बाइक में बैठकर फोटो खींचा रहे थे। उन्होंने बाइक भारी होने की बात कहते हुए दूर से फोटो खिचाने के लिए बोले। इससे दोनों युवक ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए बाइक को गिरा दिया। जिससे गाड़ी के पाट्र्स टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। क्षतिग्रस्त पाट्र्स की कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने श्री बंजारे की रिपोर्ट पर अज्ञात दो लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 295, 351, 2, 324, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## शासकीय सेवक की कार में भीड़ ने की तोड़फोड़

बिलासपुर। मरही माता मंदिर से वापस आ रहे शासकीय सेवक के कार में रावत नाच रहे लोगों ने लाठी से मारकर तोड़फोड़ कर दी है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बेलगहना चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ठाकुर ने बताया, रामावैली निवासी शासकीय सेवक दीपक कुमार दुबे पिता एचजी दुबे 7 दिसंबर को पत्नी सुगुना दुबे, बेटी काव्या दुबे के साथ कार क्रमांक सीजी 10 एडी, 6250 में मरही माता मंदिर दर्शन करने भनवारटंक गए थे। वापस आते समय शाम 6.30 बजे बेलगहना तहसील चौक के पास रावत बाजार होने से काफी भीड़ था, बेलगहना में रावत नाच चल रहा था। वे धीरे धीरे चौक से आगे निकल रहे थे। इसी दौरान 6 से 7 रावत आए और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी से कार के सामने के कांच में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने श्री दुबे की रिपोर्ट पर अज्ञात 6 से 7 यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 3, 5, 324, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



रसूखदार चला रहे मेडिकल दुकान

नाममात्र जगहों पर फार्मासिस्ट, ग्रामीण क्षेत्रों की हालत बदतर

# फार्मासिस्टों के लाइसेंस 'गिरवी' ... मुखौटा लगाकर मेडिकल दुकान चला रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में संचालित 2100 मेडिकल दुकानों के संबंध में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को इस बात की जानकारी नहीं है कि संचालित मेडिकल दुकान में क्या संचालक ही फार्मासिस्ट हैं? क्या फार्मासिस्ट नौकरी पर रखे गए हैं? या फिर संचालक द्वारा फार्मासिस्ट के लाइसेंस किराए पर लिए गए हैं। विभाग के पास यह जानकारी नहीं होने का दुष्परिणाम यह है कि ज्यादातर दुकानों खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में फार्मासिस्टों के लाइसेंस महज सात-सात हजार रूपए में मासिक किराए पर लेकर लोग मेडिकल दुकान संचालित कर रहे हैं, जो लोगों की सेहत खराब करने के लिए पर्याप्त है।

मेडिकल दुकान का संचालन करने के लिए मालिक को स्वयं का लाईसेंसी होना अनिवार्य नहीं है। दुकान पर लाईसेंसी फार्मासिस्ट रखकर भी मेडिकल दुकान संचालित की जा सकती। बस शासन के इसी नियम को आधार मानकर पैसे के दम पर लोगों ने अंधाधुंध मेडिकल दुकान खोल लिए हैं। गैर लाइसेंसी व्यक्तियों को भी मेडिकल दुकान के संचालन की अनुमति शासन द्वारा इसी शर्त पर दी गई है कि संचालक अपने प्रतिष्ठान में अनिवार्य रूप से पंजीकृत फार्मासिस्ट की नियुक्ति करें, जो दुकान खुलने से लेकर बंद होने तक स्वयं दुकान में उपस्थित रहकर ग्राहकों को मांगी गई दवा का वितरण कर सके।



इसके विपरीत संचालकों ने पंजीकृत फार्मासिस्टों के नाम पर मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस ले लिए हैं और पांच से सात हजार रूपए वाले कर्मचारी रखकर दुकानों का संचालन कर रहे हैं। हद तो यह है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के पास इस तरह का कोई डेटा उपलब्ध ही नहीं है। विभाग द्वारा मेडिकल दुकानों में जाकर समय-समय पर प्रतिबंधित, नशीली एवं कालातीत दवाओं का स्टॉक तो चेक किया जाता है, लेकिन यह चेक क्यों नहीं किया जाता कि दुकान के संचालक के पास फार्मासिस्ट की डिग्री है या नहीं? नहीं है तो दुकान में फार्मासिस्ट पदस्थ है या नहीं? या दुकान किराए के लाईसेंस पर तो नहीं संचालित हो रही है?

### सात हजार में सिर्फ लाइसेंस 15 हजार में फार्मासिस्ट

बी-फार्मा या एम फार्मा की पढ़ाई के बाद संबंधितों द्वारा फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया में रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। इसके बाद मेडिकल दुकान खोलने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग से लाईसेंस लिया जाता है। रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट अगर स्वयं मेडिकल दुकान न चलाकर किराए पर देने की स्थिति में वर्तमान में सात हजार रूपए मासिक किराया तय है। फार्मासिस्ट अगर लाइसेंस के साथ मेडिकल दुकान पर नौकरी भी करना चाहे तो उसे 13 से 17 हजार रूपए तक वेतन दिया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में फार्मासिस्टों के लाइसेंस किराए पर लेकर मेडिकल दुकान चलाने का कारोबार जोरों पर है। जांच का सघन अभियान चलाया गया तो ऐसे मेडिकल दुकानों की संख्या सैकड़ों में निकल आएगी।

### फार्मासिस्ट छुट्टी पर, तो दवा कौन देगा?

मान लिया जाए कि किसी मेडिकल दुकान संचालक द्वारा शासन के नियमों के अनुसार रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट का लाईसेंस इस्तेमाल किया जा रहा है, साथ ही उसे नौकरी पर भी रखा गया है, जो पूरे दिन दुकान पर ग्राहकों को दवा उपलबध करा रहा है। फार्मासिस्ट के लंबी छुट्टी पर या दुकान में फार्मासिस्ट की नियुक्ति ही नहीं होने की स्थिति में उस मेडिकल दुकान में दवा का लेनदेन कौन करेगा? क्या फार्मासिस्ट के वापस काम पर लौटते तक मेडिकल दुकान बंद रखी जाएगी? क्योंकि फार्मासिस्ट के अलावा तो उस दुकान पर किसी को भी दवा का लेनदेन करने का अधिकार ही नहीं है। खुद संचालक को भी नहीं। इसके विपरीत दुकानें चल रही हैं, और अपनी शर्तों पर ही चल रही हैं।

### जानकारी उपलब्ध नहीं है

विभाग पंजीकृत फार्मासिस्टों को मेडिकल दुकान संचालन के लिए लाइसेंस जारी करता है। जिले में 21 सौ लाईसेंस जारी किए गए हैं, लेकिन संचालक कौन हैं? दुकान में फार्मासिस्ट कौन हैं? क्या दुकान किराए के लाइसेंस पर संचालित है? इस तरह की कोई भी जानकारी विभाग के पास उपलब्ध नहीं है।

-भीष्मदेव सिंह, सहायक औषधि नियंत्रक

बिना अनुमति आवासीय क्षेत्र में व्यावासायिक कारोबार, डेयरी और ज्वेलरी शाप भी चल रहे हैं

# विद्या-विनोबानगर के घरों में दुकानें खुल गई 100 से अधिक के पास कोई दस्तावेज नहीं




### खुद कारोबार या किराए पर दे दिया

निगम के मुताबिक जिस मकान में भी बिना अनुमति के शटर वाली दुकान खोली गई है उससे जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे मकान मालिकों से उतने हिस्से का टैक्स कमर्शियल के तौर पर वसूला जाएगा। निगम के इस नए आदेश से ऐसे लोगों में जमकर खलबली है जिन्होंने अपने घरों में एक नहीं बल्कि कई दुकानें बना रखी हैं। वे इन दुकानों में खुद कारोबार कर रहे हैं या किसी व्यापारी को किराये पर दे रखा है। निगम के मुताबिक जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि घर के कितने हिस्से में दुकान है। यदि 1000 वर्गफीट के घर में 100 वर्गफीट की दुकान है तो केवल 100 वर्गफीट का ही व्यावसायिक टैक्स लगेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के सबसे पास इलाकों में से एक विद्या-विनोबानगर में लोगों ने घरों में दुकानें खोल ली हैं, जबकि यह पूरी तरह आवासीय क्षेत्र है, यहां कोई भी व्यावसायिक काम नहीं किया जा सकता है। यही नहीं इस क्षेत्र में 24 मेडिकल की दुकानें, 22 ब्यूटी पार्लर से लेकर, सुपर मार्केट, कोचिंग सेंटर और ज्वेलरी शाप चल रहे हैं। एक बड़ा अस्पताल भी फिलहाल इसी आवासीय क्षेत्र में बन रहा है जो कि नियमों के खिलाफ है। अब लगातार मिल रही शिकायत के बाद नगर निगम की ओर से ऐसे 140 से अधिक लोगों को नोटिस जारी किया गया है जो कि बिना अनुमति आवासीय क्षेत्र में व्यावासायिक कारोबार कर रहे हैं। इससे क्षेत्र में हड़कंप है। निगम आयुक्त अमित कुमार अब स्वंय इन मामलों की सुनवाई करेंगे। जिन 100 से अधिक लोगों ने अभी तक दस्तावेज पेश नहीं किए हैं उन पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

■ नोटिस के बाद हड़कंप

विद्या-विनोबानगर क्षेत्र पर नजर डालें तो जब मैग्नेटो माल बना था तो उसके सामने की रोड से लेकर एक तरफ व्यापार विहार और दूसरी तरफ श्रीकांत वर्मा मार्ग तक को कमर्शियल कर दिया गया था। बुलेट शो रूम के बगल से जाने वाले रास्ते से लेकर गायत्री मंदिर चौक तक, गायत्री मंदिर चौक से व्यापार विहार तक और गायत्री मंदिर चौक से लिंक रोड चौक तक लेकिन पूरा क्षेत्र अभी भी आवासीय ही है। यहां किसी प्रकार का कोई भी दुकान या व्यासायिक काम नहीं किया जा सकता लेकिन फिलहाल हालत यह है कि घरों घर में दुकानें खोल ली गईं हैं।

### घरों और दुकानों में नोटिस चस्पा

इस क्षेत्र में फुटपाथ पर ठेले और दूसरे काम संचालित हों रहीं हैं। इसमें से अधिकांश के पास कोई अनुमति भी नहीं है। अब निगम ने लेकिन ऐसे लोगों को नोटिस दिया है। जिन लोगों ने नोटिस लेने से इंकार किया, उनके घरों और दुकानों में इसे चस्पा कर दिया गया है। नोटिस में भू स्वामी संबंधी दस्तावेज, स्वीकृत मानचित्र, संपत्तिकर और गुमास्ता लाइसेंस 3 दिन में पेश करने कहा गया है। जवाब पेश नहीं करने पर एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। अब इस नोटिस से हड़कंप है और अपने स्तर पर राजनीति भी शुरू हो गई है। निगम अधिकारियों पर दबाव भी डाला जा रहा है। हालांकि निगम का कहना है कि नियमानुसार ही कार्रवाई होगी।

### घरों में खुली हैं 10 हजार से ज्यादा दुकानें

गौरतलब है कि संपत्ति कर बढ़ाने को लेकर नगर निगम अपना सर्वे कर रहा है जिसमें कई बातें बातें सामने आ रहीं हैं। इसमें मालूम पड़ रहा है शहर में 10 हजार से ज्यादा मकान ऐसे हैं जहां दुकानें खुल गई हैं। इन दुकानों के बाहर किसी भी तरह की कोई पार्किंग नहीं है। इस वजह से वार्डों से होकर गुजरने वाली बायपास सड़कों पर जाम लग रहा है। इसका असर शहर की सभी सड़कों पर भी हो रहा है। ट्रैफिक जाम बढ़ रहा है। इतना ही नहीं मकान वाले निगम को संपत्तिकर आवासीय का दे रहे हैं, लेकिन दुकानों का उपयोग कमर्शियल हो रहा है। इससे निगम को हर साल करीब करीब 10 करोड़ का नुकसान हो रहा है।

### जारी किया गया है नोटिस

निगम की ओर से ऐसे लोगों को नोटिस जारी किया गया है जो कि बिना अनुमति आवासीय क्षेत्र में व्यावासायिक कारोबार कर रहे हैं। नोटिस में भू स्वामी संबंधी दस्तावेज, स्वीकृत मानचित्र, संपत्तिकर और गुमास्ता लाइसेंस 3 दिन में पेश करने कहा गया था। कई लोगों के जवाब अभी तक नहीं मिले हैं। निगम आयुक्त हर गुरुवार को इन मामलों की सुनवाई करेंगे। जवाब पेश नहीं करने पर एकतरफा कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

- अनुपम तिवारी, भवन शाखा अधिकारी

हत्या की आशंका

# ड्राइवर की शराब दुकान के पास लाश मिलने से सनसनी



बिलासपुर। बच्चों के लिए कपड़ा खरीदने शहर आए निजी स्कूल के ड्राइवर की शराब दुकान के पास लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। चेहरे में दो जगहों पर चोट के निशान मिलने से हत्या होने की आशंका जताई जा रही है।

सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, सोमवार की सुबह सूचना मिली सकरी शराब दुकान के पास एक व्यक्ति की लाश पड़ी है और पास में बाइक खड़ी हुई है। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। गले में आईडी कार्ड लटका हुआ था, जिससे उसकी पहचान हिर्री माइंस इन्द्रपुरी निवासी प्रहलाद साहनी 50 साल के रूप में हुई। वह निजी स्कूल में ड्राइवर का काम करता था। उसके चेहरे पर दो जगहों में मारपीट करने के चोट के निशान थे। एफएसएल एक्सपर्ट के द्वारा शव का परिक्षण किया गया है। उसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। पृथम दृष्टया शराब दुकान के पास शव मिलने व चेहरे में चोट के निशान मिलने पर पुलिस हत्या मानकर जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास में रहने वालों से पूछताछ कर शराब दुकान के पास सक्रिय होकर मारपीट गुण्डागर्दी करने वाले संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।




### कपड़ा खरीदने आया था शहर

टीआई श्री चौधरी ने बताया, मृतक रविवार को गांव से घरवालों को बच्चों के लिए कपड़ा खरीदने की बात कहकर शहर आया था। रात 8 बजे उन्होंने अपने बेटे को फोन कर बताया वह रात में बिलासपुर में रूकेंगे। उसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया था।

# न्याय मांगने एसएसपी कार्यालय पहुंचे मृतक छात्र अर्सलान के पिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर के तालाब में जिस छात्र अर्सलान अंसारी की लाश मिली थी, उसके पिता अर्शद अयूब अंसारी सहित परिजन बिहार से यहां पहुंचे हुए हैं। सोमवार को मृतक छात्र के पिता अपने बेटे की मौत मामले में न्याय मांगने एसएसपी कार्यालय पहुंचे थे, लेकिन एसएसपी रजनेश सिंह के बाहर होने के कारण उन्हें आज वापस लौटना पड़ा।

■ अब तक की जांच पर जताया असंतोष

■ कुलपति, कुलसचिव से मिलेंगे

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के मृतक छात्र अर्सलान अंसारी के परिजन छपारा बिहार से यहां यूनिवर्सिटी पहुंचे हुए हैं। छात्र के पिता अर्शद अयूब अंसारी समेत परिजन 6 दिसंबर से यहां आए हुए हैं और अपने पुत्र के मामले में पुलिस ने अब तक क्या जांच और यूनिवर्सिटी ने क्या किया यह जानने इधर-उधर चक्कर काट रहे हैं। छात्र अर्सलान के पिता आज एसएसपी आफिस न्याय मांगने पहुंचे थे, किन्तु एसएससी रजनेश सिंह के बाहर होने के कारण उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। मृतक छात्र के पिता अर्शद अंसारी का कहना है कि उनके पुत्र की मौत हुए 45 दिन गुजर गए हैं और वे इतने दिनों दुबारा यहां आए हैं। वे पुलिस थाना भी गए थे लेकिन वहां पर उन्हें पानी में डूबने वाली पुरानी बात कही जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी नहीं दिया जा रहा है।



एसपी ऑफिस पहुंचे मृतक के परिजन।

उन्होंने बताया कि उन्हें समाचारों के माध्यम से पता चला है कि अर्सलान की मौत पानी में गिरने के पहले हो गई थी, इसलिए उन्हें संदेह है कि उसकी हत्या कर पानी में लाश को फेंक दिया गया होगा। इसलिए वे जानना चाहते हैं उनके पुत्र के मौत मामले में पुलिस ने अब तक क्या जांच, कार्रवाई की है। उन्होंने यूनिवर्सिटी जाकर कुलपति और कुलसचिव से इस मामले को लेकर मिलने की बात कही है।

### तालाब में मिली थी छात्र की लाश

छपरा बिहार निवासी छात्र अर्सलान अंसारी गुरु घासीदास सेंट्रल में बीएससी फिजिक्स की पढ़ाई यूनिवर्सिटी के हास्टल में रहकर करता था। 21 अक्टूबर को अर्सलान हास्टल के अपने कमरे से निकलकर तालाब की ओर सीसीटीवी कैमरे में जाता दिखा। करीब तीन-चार दिनों बाद 24 अक्टूबर को यूनिवर्सिटी परिसर स्थित तालाब में एक लाश तैरते दिखी, जिसे पुलिस द्वारा तालाब से बाहर निकलवाया गया। इसकी सूचना छात्र के परिजनों को दी गई और 26 अक्टूबर को उसके पिता, परिजनों ने यहां आकर उसकी शिनाख्त अर्सलान के रूप में की। पोस्टमार्टम के बाद छात्र की लाश को परिजन छपरा बिहार ले जाकर सामाजिक रीति रिवाज से कफन दफन किए थे।

# अवैध ड्राइविंग स्कूलों की होगी जांच

बिलासपुर। शहर में बिना लाइसेंस के 2 दर्जन से अधिक ड्राइविंग स्कूल चल रहे हैं। इन स्कूलों के संचालक नियमों को तांक पर रखकर नौसिखियों को गाड़ी चलाना सिखा रहे हैं। वहीं अब आरटीओ की नजर इन ड्राइविंग स्कूलों पर है। आरटीओ ने टीम बनाकर ऐसे ड्राइविंग स्कूलों की नियमित जांच के आदेश दिए हैं। इसके बाद से अवैध ड्राइविंग स्कूल संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

■ आरटीओ ने जारी किया आदेश

आरटीओ ने शहर में चल रहे अवैध ड्राइविंग स्कूलों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। आरटीओ ने निरीक्षण का आदेश जारी किया है, इसके लिए टीम भी बनाई गई है। निरीक्षक, सहायक निरीक्षक और अन्य स्टाफ के साथ नियमित जांच के आदेश दिए गए हैं। खास बात यह है कि शहर में धड़ल्ले से 2 दर्जन से अधिक ड्राइविंग स्कूल खोले गए हैं। वहीं परिवहन विभाग ने बीते 6 सालों में महज 8 ड्राइविंग स्कूलों को ही शर्तों को पूरा करने के बाद लाइसेंस दिया है। कुछ ड्राइविंग स्कूल फैचाइंजी के तौर पर अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं।

### ← बिना कर्मशियल वाहन के ट्रेनिंग →

ड्राइविंग स्कूल में ट्रेनिंग देने के लिए सामान्य वाहनों का प्रयोग किया जाता है, जबकि इसके लिए आरटीओ द्वारा कर्मशियल वाहन रखने के नियम बनाए गए हैं। वहीं ड्राइविंग सीट और ट्रैनी के लिए अलग से स्टेरिंग, ब्रेक, क्लच भी वाहन में लगाएं जाते है, जबकि ऐसा वाहन ज्यादातर ड्राइविंग स्कूल में नहीं है। साथ ही ड्राइविंग स्कूल के नियमों के अनुसार ट्रैनी को सड़क पर वाहन चलवाने की मनाही की गई है, जबकि ज्यादातर ड्राइविंग स्कूल सड़क पर ही ट्रैनी चालकों से वाहन दौड़ा रहे हैं।

### जांच के आदेश दिए

मामला संज्ञान में आने के बाद हमनें जांच के आदेश दिए गए है। निरीक्षक छुट्टी पर है इसलिए जांच रिपोर्ट नहीं आई है।

-असीम माथुर, आरटीओ, बिलासपुर

## जंगली सुअर ने वृद्धा को नोचा, सिम्स में भर्ती

बिलासपुर। रतनपुर क्षेत्र के रानीगांव में जंगली सुअरों ने हमला कर वृद्धा को घायल कर दिया, जख्मी हालत में वृद्धा को सिम्स लाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना रतनपुर क्षेत्र के रानीगांव की है। जहां 65 वर्षीय महिला समिता बाई पति गोपाल प्रसाद खेत के मेढ़ में बैठी थी, इस दौरान दर्जन भर जंगली सुअर पहुंच गए। उन्होंने वृद्धा को निहत्था पाकर नोच दिया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

चार ट्रैक्टर ट्राली व चैन माऊंटेन भी जब्त

# खनिजों का अवैध खनन व परिवहन, 4 हाइवा सहित नौ वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेत एवं मुरूम का अवैध उत्खनन व परिवहन करने के मामले में चार हाईवा सहित नौ वाहनों को जब्त किया गया है। जब्त सभी वाहन पुलिस के सुपर्दनामे में थाने में खड़े कर दिए गए हैं।

खनिज विभाग द्वारा एक सप्ताह के भीतर खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन के मामलों में कई कार्रवाई की गई है। इसके अंतर्गत एक दिसंबर को मटियारी क्षेत्र से खनिज मुरुम का अवैध परिवहन करते पाये गए हाईवा वाहन को जब्त कर पुलिस थाना सीपत के सुपुर्द किया गया है। इसी तरह दिनांक 3 दिसंबर को लमेर क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते एक हाईवा वाहन जब्त कर थाना कोनी की अभिरक्षा मे रखा गया है। आमागोहन क्षेत्र में खनिज मुरुम का अवैध खनन व परिवहन करते पाये जाने पर 01 चैन माउंटेन व 02 हाईवा वाहनों को जब्त कर मौके पर ही सील बंद कर चालकों को सुपुर्दगी में दिया गया है।


लमेर क्षेत्र में 6 दिसंबर को 03 ट्रेक्टर ट्राली द्वारा खनिज रेत का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर सभी वाहन जब्त कर थाना कोनी के सुपुर्दनामे में दिया गया। इसी तरह 7 दिसंबर को निरतू क्षेत्र से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते 01 ट्रैक्टर ट्राली जब्त कर थाना सकरी की अभिरक्षा में रखा गया है। इस दौरान रेत माफियाओं द्वारा नदी पर आसानी से अपने वाहन उतारने के लिए तैयार किए गए रैंप को भी काटा गया है। माफियाओं द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन के लिए निरतु, लोखड़ी, पाठबाबा व धुरीपारा क्षेत्र में रैंप बनाया गया था। विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।



### चलाया जाएगा अभियान

विभाग द्वारा खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध बीते एक सप्ताह से अभियान चलाया गया था। इस दौरान विभिन्न मामलों में चार हाईवा, एक चैन माऊंटेन सहित नौ वाहन जब्त किए गए हैं। विभाग की कार्रवाई वैसे तो जारी ही रहती है, लेकिन आगे और सघन अभियान चलाया जाएगा।

-किशोर कुमार गोलघाटे, उपसंचालक खनिज

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
40 शीटें शेष श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411